राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित
वर्ष : 14
अंक : 273
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 27 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 यूपी रेरा ने एजेंट्स के 14वें व 15वें बैच को दिए प्रमाणपत्र
पेज 4 करंट की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत
पेज 6 'टेस्ट क्रिकेट के लिए कुछ भी कर सकता हूं', मोहमद सिराज का

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मंत्री महेश जोशी जेल में ही रहेंगे

**जयपुर।** पूर्व मंत्री महेश जोशी की राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच ने जमानत याचिका खारिज कर दी है। 900 करोड़ के जल जीवन मिशन घोटाले में 24 अप्रैल को ईडी ने उनको गिरफ्तार किया था। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद 8 अगस्त को फैसला सुरक्षित रखा गया था। मंगलवार को जस्टिस प्रवीर भटनागर की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। जल जीवन मिशन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज हुआ है। ईडी मामलों की विशेष कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद जोशी ने हाईकोर्ट में बेल एप्लिकेशन लगाई थी।

### चंडीगढ़ निगम मीटिंग में गाली-गलौज

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम की 352वीं बैठक की शुरुआत से ही माहौल गरम रहा। आप और कांग्रेस ने मेयर व अधिकारियों को कई मुद्दों पर घेर लिया, जिससे हंगामा हो गया। बैठक के दौरान मेयर कुलदीप कुमार टिटा ने कहा कि स्ट वर्ग की बात नहीं सुनी जाती और उन्हें पीछे रखा जा रहा है। यह सुनकर बीजेपी पार्षद मनोज सोनकर खड़े हुए और ऐतराज जताने लगे। देखते ही देखते दोनों के बीच नोकझोंक शुरू हो गई और थोड़ी ही देर में मामला गाली-गलौज तक पहुंच गया। गालियां बीजेपी पार्षद मनोज सोनकर की तरफ से निकाली गईं। इस दौरान सदन में शोर-शराबा बढ़ गया और कई महिलाएं बैठक छोड़कर चली गईं।

# भारत पर आज से 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ

### नौकरियां जाने का खतरा, सरकार की कमाई घटेगी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने मंगलवार को भारत पर एडिशनल 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया। भारतीय समय के अनुसार यह टैरिफ बुधवार यानी 27 अगस्त को सुबह 9: 31 बजे लागू हो जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर इस टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। यानी अब अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक हो जाएगा। मंगलवार को जारी आदेश में लिखा है, जो ड्यूटी इस दस्तावेज की सूची में बताई गई है, वह भारत से आने वाली चीजों पर लागू होगी।




पटना में बिहार के मुख्यमंत्री आवास तक विरोध मार्च के दौरान किसानों ने पुलिस बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की।

# गुरुग्राम में बीटेक की छात्रा ने सुसाइड किया

### हॉस्टल में फंदे पर लटकी मिली, मौसा बोले- ये मर्डर

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में बीटेक की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। उसका शव बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में फंदे से लटका हुआ मिला। मृतका की पहचान राजस्थान के अलवर की रहने वाली भूमिका (19) के रूप में हुई है। सोमवार रात वह अपनी एक दोस्त की बर्थडे पार्टी में शामिल हुई थी। बीच में ही कमरे पर आकर उसने फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही बिलासपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। भूमिका के मौसा ने आरोप लगाया है कि जिस हालत में वह लटकी हुई मिली, उससे शक होता है कि यह सुसाइड नहीं, बल्कि मर्डर है। उसके पैर 4 इंच तक मुड़े हुए थे और पैर के तलवे जमीन पर टिके हुए थे। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की।

# वैष्णो देवी मार्ग पर लैंडस्लाइड, 7 की मौत

### 14 घायल यात्रा रुकी; जम्मू में तवी नदी के पास सड़क धंसी

**जयपुर/उदयपुर/लखनऊ/शिमला।** वैष्णो देवी यात्रा मार्ग में अर्धकुमारी के पास लैंडस्लाइड में 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 14 घायल हैं। घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कटरा ले जाया गया है।

खराब मौसम की वजह से वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई थी। वैष्णो देवी से दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार हो गए।

इधर, जम्मू में तवी नदी पर बने पुल के पास सड़क धंस गई। हादसे में कई गाड़ियां गिर गईं। पुलिस रेस्क्यू के लिए पहुंच गई है। अभी नुकसान को लेकर अपडेट नहीं आया है।



जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को कई जगहों पर बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 10 से 15 घर बह गए। डोडा में पिछले 24 घंटे के दौरान 4 लोगों की मौत हुई है। जम्मू-कश्मीर में लगातार तीन दिन से रुक-रुककर बारिश हो रही है। जम्मू-श्रीनगर और बटोटे-किश्तवाड़ सहित कई नेशनल हाईवे समेत कई सड़कें बंद हैं।

बुधवार को सभी स्कूल, कॉलेज और सरकारी ऑफिस बंद रहेंगे। जम्मू एयरपोर्ट भी बंद कर दिया गया है। नेटवर्क न होने की वजह से फोन कॉल नहीं हो पा रही है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू व मनाली में 20 से ज्यादा घर, दुकानें और रेस्टोरेंट ब्यास नदी और पहाड़ी नालों में समा चुके हैं। नदियों के किनारे बने 30 से ज्यादा घर भी खतरे में हैं। कुल्लू-मनाली रोड का एक हिस्सा ब्यास नदी में बह गया। इससे मनाली का कुल्लू जिला मुख्यालय से संपर्क कट चुका है।

### पंजाब में 30 अगस्त तक स्कूल बंद

**अमृतसर।** पंजाब में 30 अगस्त तक स्कूल बंद रहेंगे। बारिश को देखते हुए सरकार ने ये फैसला लिया है। सीएम भगवंत मान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा- पिछले दिनों से भारी बारिश हो रही है और मौसम विभाग की ओर से आगे भी कुछ दिनों तक भारी बारिश होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसे देखते हुए राज्य के सभी प्राइमरी, सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी सरकारी और प्राइवेट स्कूल 27 अगस्त से 30 अगस्त तक बंद रहेंगे। मौसम विभाग विज्ञान चंडीगढ़ ने कल सुबह 8: 30 बजे तक 5 जिलों पठानकोट, गुरदासपुर, बरनाला, संगरूर और मनसा में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। उधर, 7 जिले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। रणजीत सागर डैम और भाखड़ा डैम से लगातार पानी छोड़े जाने से रावी, सतलुज और ब्यास नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। तरनतारन और फिरोजपुर में हरिके हेडवर्क्स से छोड़े गए पानी के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। ब्यास नदी पर बने चक्की रेलवे पुल के नीचे से मिट्टी धंसने से पठानकोट-जालंधर रेलवे रूट बंद कर दिया गया है। इससे 90 ट्रेनें प्रभावित हुईं।

# एनजीटी के अधिकार सीमित, मनी लांड्रिंग मामलों में ईडी पर मुकदमा चलाने का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कथित पर्यावरण उल्लंघनों के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) को मनी लांड्रिंग विरोधी कानून के तहत ईडी को मुकदमा चलाने का निर्देश देने का अधिकार नहीं है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल एक्ट, 2010 के तहत एनजीटी के पास लोगों के विरुद्ध प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत मुकदमा चलाने का निर्देश देने का अधिकार नहीं है।

### पीठ ने क्या कहा?

पीठ ने कहा, यह अधिकार पीएमएलए अदालत या संवैधानिक अदालतों के पास है, लेकिन पर्यावरण संरक्षण और वनों के संरक्षण से संबंधित मामलों पर प्रभावी और शीघ्र सुनवाई के लिए गठित एनजीटी के पास इसका अधिकार नहीं है।

पीठ ने याचिकाकर्ता हस्तशिल्प निर्माण व निर्यात कंपनी सीएल गुप्ता एक्सपोर्ट लिमिटेड के विरुद्ध ईडी जांच का एनजीटी का आदेश खारिज कर दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि उसने कोई अपराध स्थापित होने या नहीं होने के बारे में कुछ नहीं कहा है क्योंकि यह फिलहाल उसकी जानकारी में नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या फैसला सुनाया?

पीठ ने कहा कि उक्त किसी अपराध के लिए कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी, न ही पीएमएलए के तहत निर्धारित विभिन्न पर्यावरण संरक्षण कानूनों के तहत ऐसे अपराधों की शिकायत दर्ज की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में अवैध भूजल निकासी और गंगा की एक सहायक नदी में अपशिष्ट बहाने सहित कथित उल्लंघनों के लिए एनजीटी द्वारा याचिकाकर्ता कंपनी पर लगाए गए 50 करोड़ रुपये के पर्यावरण मुआवजे को भी रद कर दिया।

पीठ ने कहा कि कंपनी के राजस्व के आधार पर जुर्माने की गणना करने के एनजीटी के तरीके में पर्यावरणीय क्षति के साथ कोई तार्किक संबंध नहीं था। साथ ही यह शीर्ष अदालत के पूर्व फैसलों में निर्धारित कानूनी सिद्धांतों के अनुसार भी नहीं था।





## हैप्पी मॉर्निंग

गोलू घर में खुशी से उछल रहा था
मां- क्या बात है, आज बड़े खुश हो? गोलू- बस पूछो मत मां
मां- सच बता क्या हुआ?
गोलू- आपकी होने वाली बहू 12 वीं में पास हो गई है
फिर क्या होना था...बेटे की जूते चप्पल से पिटाई....



## शायरी

रो रहे थे सब तो मैं भी फूट कर रोने लगा
वरना मुझको बेटियों की रुख़सती अच्छी लगी

# आप नेता सौरभ भारद्वाज के घर ईडी ने की छापेमारी

### हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन स्कैम में 12 और ठिकानों पर तलाशी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार सुबह आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर छापेमारी की। उन पर हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन में करप्शन का आरोप है। दिल्ली की एंटी-करप्शन ब्रांच ने एक साल पहले कसरकार के दौरान स्वास्थ्य ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू की थी। जांच एजेंसी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ जून में केस दर्ज किया था।




एसीबी ने बाद में मामला ईडी को ट्रांसफर कर दिया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने जुलाई में केस दर्ज किया था। इस कार्रवाई पर अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड हई। ये दिखाता है की मोदी सरकार आप के पीछे पड़ गई है। सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है। हम भाजपा से नहीं डरते। हम देश हितों के साथ खड़े हैं।

### गुरुग्राम मणप्पुरम डकैती में मास्टरमाइंड का सरेंडर

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की शीतला माता रोड पर मणप्पुरम गोल्ड लोन ब्रांच में हुई 9 करोड़ की डकैती का मास्टरमाइंड विजय कुमार आखिरकार चरखी दादरी कोर्ट में सरेंडर कर गया। विजय सोनीपत के गोहाना का रहने वाला है और उस पर चरखी दादरी में भी कई केस दर्ज हैं। उसने इंस्टाग्राम के जरिए छोटे-मोटे अपराध करने वाले युवाओं को जोड़कर गैंग बनाया था। इससे पहले गुरुग्राम पुलिस चार आरोपियों को पकड़ चुकी है। अब विजय ने दादरी पुलिस के सामने सरेंडर इसलिए किया ताकि पहले वहां की पुलिस उसे रिमांड पर ले और उसके बाद गुरुग्राम पुलिस पूछताछ कर सके। वारदात से ठीक एक दिन पहले यानी 15 अगस्त को विजय ने सोनीपत के मोहम्मदपुर गांव में गैंग के 10 बदमाशों को इकट्ठा कर डकैती की योजना बनाई।

# प्रियंका बोलीं-वोट चोरी हुई तो आपकी पहचान चली जाएगी

### राहुल ने कहा- शाह ने 40-50 साल सरकार चलने की बात कही, क्योंकि वोट चुरा रहे



**सुपौल।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के 10वें दिन प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं।

मधुबनी में सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, मोदी जी ने लोकसभा चुनाव में कहा था कि देशवासियों सावधान हो जाओ। ये कांग्रेस वाले तुम्हारी भैंस चुरा लेंगे। हमें क्या पता था कि ये वोट चुरा रहे थे। ये वोट भारत के लोकतंत्र का आधार है। ये वोट आपका सबसे कीमती अधिकार है, इसे चोरी होने मत दीजिए।


इन्होंने आपके रोजगार की चोरी की है, बड़ी-बड़ी कंपनियों की चोरी करके दोस्तों को दे दिया है। हर स्तर पर चोरी हो रही है। वोट आपकी पहचान है, आपकी नागरिकता का आधार है। ये चोरी हुई, तो आपकी पहचान खत्म हो जाएगी। कल को आपदा आ गई, बाढ़ आ गई, तो आपको मुआवजा नहीं मिल पाएगा, आपकी पहचान नहीं हो पाएगी। आप अपने अधिकार की चोरी मत होने दीजिए।

### राहुल बोले- समझिए शाह ने क्यों कहा हमारी सरकार 40-50 साल रहेगी



राहुल गांधी ने कहा- अमित शाह ने कहा कि बीजेपी की सरकार 40-50 साल तक रहेगी। पहले ये बयान अजीब लगा, अमित शाह को कैसे पता कि 40-50 साल तक सरकार चलेगी। अब सच्चाई सामने आ गई है। अमित शाह ऐसा इसलिए कह पा रहे थे, क्योंकि ये लोग वोट चोरी करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि आप यात्रा में आओ। बच्चा-बच्चा कह रहा है मोदी वोट चोर है। बच्चे मेरे कान में आकर कहते हैं, लेकिन मीडिया को बात समझ नहीं आती है। राहुल गांधी ने ये भी कहा कि मीडिया हाउस में बड़े पदों पर दलित क्यों नहीं हैं। मंगलवार को यात्रा सुपौल, मधुबनी होते हुए दरभंगा पहुंची है।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,786.54
-849.37 (1.04%)
निफ्टी:
24,712.05
-255.70

## मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूयोदय गुरुवार : 5 : 58
सूर्यास्त बुधवार : 6 : 49

### भारी बारिश

### उन्नाव में 14 करोड़ से बना बंधा गंगा में बहा; लखनऊ समेत 20 शहरों में बारिश

# प्रयागराज में 450 घर डूबे, चौथी बार पलायन शुरू

**उत्तर प्रदेश।** यूपी में 3 दिन से बारिश का दौर लगातार जारी है। लखनऊ में सुबह तेज बारिश हुई। दिन में अंधेरा छा गया। राजधानी में पिछले तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है।

इसके अलावा, सीतापुर, हाथरस, फतेहपुर समेत 20 से ज्यादा शहरों में तेज बारिश सुबह हुई। लगातार बारिश से प्रदेश के 22 जिलों में बाढ़ आ गई है। प्रयागराज और वाराणसी में एक बार फिर गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है।

प्रयागराज में गंगा और यमुना पिछले दो महीने में चौथी बार उफान पर हैं। यहां 62 मोहल्ले और 255 गांवों की तीन लाख से ज्यादा की आबादी पर



फिर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बीते 48 घंटे में गंगा का दो मीटर तो यमुना तीन मीटर जलस्तर बढ़ गया है। मंगलवार सुबह गंगा का जलस्तर 80.82 मीटर तो यमुना का जलस्तर 82.85 मीटर रिकॉर्ड किया गया। इससे करीब 12 मुहल्लों में पानी घुस गया है। 450 से अधिक घर डूब चुके हैं।

उन्नाव में गंगा का कटान रोकने के लिए धन्नापुरवा में बोरियों में बालू भरकर अस्थायी बांध के 27 कटर बनाए गए। लेकिन, पूरा बंधा बह गया। इसे बनाने में 14 करोड़ की लागत आई थी। किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। वहीं मथुरा में यमुना नदी उफान पर है। सोमवार को एक बच्चा नदी में डूब गया और आसपास के लोग वीडियो बनाते रहे। वहीं मंगलवार सुबह 7 बजे से पुलिस और गोताखोरों की टीम 7 किलोमीटर के एरिया में सर्च अभियान चलाकर बच्चे की तलाश कर रही है।

मौसम विभाग ने आज 40 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 63 जिलों में 12.7 मिमी बारिश हुई। यह औसत से 63 प्रतिशत ज्यादा बारिश है। 1 जून से अब तक यानी मानसून सीजन की बात करें तो प्रदेश में अनुमान के बराबर 556 मिमी बारिश हुई।

सोमवार को जौनपुर में बड़ा हादसा हो गया। मछलीशहर पड़ाव के पास दो बच्चे करंट की चपेट में आ गए। झटका लगने से दोनों नाले में गिरे और बह गए। दोनों को बचाने के लिए एक व्यक्ति आगे आया। वह भी करंट की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार को फतेहपुर के बिंदकी में कच्चा मकान ढह गया। इसमें दबकर मां-बेटे और बहू की मौत हो गई।

# मनीषा की मौत का केस सीबीआई को ट्रांसफर

**भिवानी।** हरियाणा में भिवानी की लेडी टीचर मनीषा की मौत के मामले की जांच सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन को ट्रांसफर कर दी गई है। सरकार ने देर रात इस मामले से जुड़ी फाइल सीबीआई को भेज दी। भिवानी पुलिस की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद सीबीआई जल्द ही केस की जांच शुरू कर सकती है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 20 अगस्त को इस केस को सीबीआई को सौंपने का ऐलान किया था। दरअसल, 11 अगस्त को मनीषा अपने गांव ढाणी लक्ष्मण स्थित घर से सिंघानी गांव के प्ले स्कूल में पढ़ाने गई थी। वहां से वह नर्सिंग कॉलेज में एडमिशन के लिए निकली, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। इसके



बाद परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। 2 दिन तक मनीषा का कोई पता नहीं चला। 13 अगस्त को मनीषा का शव सिंघानी गांव के खेतों में मिला। परिवार ने आरोप लगाया कि उसकी हत्या हुई है। हालांकि, पुलिस ने 18 अगस्त को एक सुसाइड नोट दिखाकर इसे आत्महत्या बताया। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने सीबीआई जांच की मांग की थी।

# संपादकीय

## भाजपा : मरे हुए कार्यकर्ताओं की पहली पार्टी



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### सत्ता के सामने कब्रिस्तान-सी ख़ामोशी

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताक़त है जनता और जनता के बीच से निकले कार्यकर्ता।
पर आज भारतीय राजनीति में एक अजीब विडम्बना खड़ी है —
भाजपा दुनिया की पहली ऐसी राजनीतिक पार्टी है जिसके पास 'मरे हुए कार्यकर्ता' हैं।
मरे हुए इसलिए नहीं कि वे शारीरिक रूप से कब्र में हैं, बल्कि इसलिए कि वे सत्ता की ग़लतियों का विरोध करने की क्षमता खो चुके हैं।
जो सत्ता के झूठ पर सवाल न उठा सके —
जो शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार की बात न कर सके —
जो केवल 'हर हर मोदी, घर घर मोदी' तक सिमट जाए —
वह जिंदा नहीं, लोकतंत्र का मुर्दा है।

### इतिहास में विरोध ही लोकतंत्र की धड़कन

☞ अमेरिका — वॉटरगेट स्कैंडल (1970 s) में राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन अपनी ही पार्टी के दबाव में इस्तीफा देने को मजबूर हुए। रिपब्लिकन कार्यकर्ता और सांसद सत्ता के दुरुपयोग पर चुप नहीं बैठे।

☞ **ब्रिटेन** — विंस्टन चर्चिल द्वितीय विश्व युद्ध जीतने के बाद भी चुनाव हार गए, क्योंकि जनता और पार्टी के लोग युद्धोपरांत नीतियों पर असहमति जताने से डरे नहीं।

☞ **दक्षिण अफ्रीका** — नेल्सन मंडेला की हृष्ट पार्टी पर भी सवाल उठे जब वह सत्ता में आई। लोकतंत्र बचाने के लिए कार्यकर्ताओं ने ही अंदर से विरोध किया।

☞ **भारत** — जवाहरलाल नेहरू के समय राममनोहर लोहिया और विपक्ष ने संसद में लगातार सवाल खड़े किए। इंदिरा गांधी जैसी ताक़तवर नेता को भी जेपी आंदोलन ने हिला दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में तब भी पार्टी लाइन से अलग बोलने की हिम्मत थी।

☞ **जर्मनी** — हिटलर के दौर में पार्टी के भीतर विरोध को दबा दिया गया। परिणाम ? लोकतंत्र की जगह तानाशाही और आखिरकार विनाश।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की चुप्पी = लोकतंत्र का अपमान

आज सत्ता में रहते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं की हालत देखिए —
- महंगाई पर चुप्पी,
- बेरोज़गारी पर चुप्पी,
- शिक्षा-स्वास्थ्य पर चुप्पी,
- संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हो रहे हमलों पर चुप्पी।

एक ज़माना था जब भाजपा खुद को 'पार्टी विद डिफरेंस' कहती थी।
आज यह पार्टी 'पार्टी विद साइलेंस' बन चुकी है।

जहाँ कार्यकर्ता सत्ता की गलतियों पर बोलने के बजाय, झूठ को ताली और सच को गाली देते हैं।
आज भाजपा कार्यकर्ता मंदिर की घंटी बजाने में माहिर हैं, लेकिन संसद की घंटी बजाना भूल चुके हैं।

### लोकतंत्र में ज़िंदा वही है जो सवाल पूछे

लोकतंत्र में कार्यकर्ता तभी ज़िंदा कहलाता है जब वह सत्ता को आईना दिखा सके। जो आईना दिखाना छोड़ दे, वह ज़िंदा लाश है।
आज भाजपा के कार्यकर्ता मोदी-भक्ति के भंवर में फँसकर लोकतंत्र की सबसे बड़ी कब्रगाह बन चुके हैं।

### निष्कर्ष

लोकतंत्र की खूबसूरती यही है कि सत्ता में रहते हुए भी अपनी पार्टी, अपने नेता और अपनी सरकार को गलत ठहराने की हिम्मत हो।
दुनिया के तमाम देशों में यह परंपरा जिंदा है।
लेकिन भारत की सत्तारूढ़ भाजपा ने इसे खत्म कर दिया।
भाजपा अब 'जीवित कार्यकर्ताओं' की पार्टी नहीं रही,
यह 'मरे हुए कार्यकर्ताओं' का कब्रिस्तान है —
जहाँ सवाल पूछना पाप और चुप रहना धर्म बन चुका है।

## भगवान भरोसे स्कूल

यह देश की विडंबना ही कही जाएगी कि शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकारें कामचलाऊ नीतियों के भरोसे ही रहती हैं। एक तरफ देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में दस लाख स्वीकृत पद खाली पड़े हैं, वहीं देश में अथाह बेरोजगारी बनी हुई है। निस्संदेह, बच्चों की प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा उच्च शिक्षा की बुनियाद होती है, यदि बुनियाद ही कमजोर होगी तो राष्ट्र की इमारत कैसे मजबूत होगी ? हाल ही में संसद की शिक्षा, महिला, बाल और खेल मामलों की स्थायी समिति ने खुलासा किया कि देश के शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों के दस लाख पद खाली हैं। विडंबना यह है कि पांच साल पहले भी शिक्षामंत्री ने देश में दस लाख साठ हजार शिक्षकों के पद रिक्त होने की बात कही थी। यह भी जानकारी सामने आयी है कि वर्ष 2019 से इन पदों पर भर्ती हुई ही नहीं है। यानी आधे दशक में हम इस दिशा में कुछ भी करने में नाकाम रहे हैं। विडंबना यह है कि पिछले साल आई एक रिपोर्ट में कहा गया था कि देश में एक लाख ऐसे प्राथमिक विद्यालय हैं जहां एक ही शिक्षक नियुक्त है। सोचा जा सकता है कि एक शिक्षक कैसे सभी कक्षाओं के बच्चों को सारे विषय पढ़ाता होगा ? विसंगति यह भी है कि इतने शिक्षकों की कमी के बावजूद सेवारत शिक्षकों को विभिन्न सरकारी अभियानों का जिम्मा भी दिया जाता है। जिसका खमियाजा छात्र की भुगतते हैं। आखिर हम अपनी प्राथमिक शिक्षा की ये कैसी बुनियाद रख रहे हैं ?

चिंताजनक स्थिति यह है कि सरकारी स्कूलों को समय की जरूरत के हिसाब से पर्याप्त बजट नहीं मिल पाता। स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का नितांत अभाव रहता है। कोरोना संकट ने सरकारी शिक्षण व्यवस्था की पोल खोली थी कि गिने-चुने स्कूलों में ही कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध थी। एक ओर देश के निजी स्कूलों में एआई और आधुनिक शिक्षण तकनीकों से ज्ञान दिया जा रहा है, वहीं सरकारी स्कूल शिक्षकों के लिये भी तरस रहे हैं। इन स्कूलों के पाठ्यक्रमों को समय की चाल में नहीं ढाला जा सका है। वहीं कौशल विकास की शिक्षा देना तो दूर की कौड़ी है। आखिर हम सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का कैसा भविष्य बना रहे हैं ? क्या वे स्कूल-कालेजों से निकलकर वैश्विक चुनौतियों के साथ कदमताल कर पाएंगे ? हम अपने छात्रों को वह आधुनिक ज्ञान नहीं दे पा रहे हैं जो आगे चलकर उन्हें बेहतर जीवनयापन के अवसर दे सके। सही मायनों में हम सरकारी स्कूलों के नाम पर बीमार भविष्य के कारखाने चला रहे हैं। जो कालांतर छोटी-मोटी नौकरी ही पा सकते हैं या फिर बेरोजगारी की अंतहीन शृंखला में खड़े हो जाते हैं। वहीं सरकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम को भी समय की जरूरत के हिसाब से नहीं ढाला जा रहा है। उलटे पाठ्यक्रमों को राजनीतिक दलों की विचारधारा के हिसाब से ढालने का उपक्रम लगातार किया जाता रहा है। निश्चय ही ये स्थितियां इन बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही कही जाएंगी। अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि हम भारत का कैसा भविष्य तैयार कर रहे हैं।

# मध्यमवर्गीय परिवारों को सुरक्षा प्रदान करेगा ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध का नया कानून

मृत्युंजय दीक्षित



नए कानून में आनलाइन मनी गेमिंग की सुविधाएं देने वालों पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपए के जुर्माने तक का प्रावधान है। ऐसे प्लेटफार्म का विज्ञापन या प्रचार करने पर भी दो साल तक की सजा और 50 लाख तक का जुर्माना हो सकता है।

संसद का मानसून सत्र वैसे तो विपक्षी दलों के हंगामे की बारिश में बह गया किंतु केंद्र सरकार ने इसमें भी जनता के हितों की सुरक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण विधायी कार्यों को निपटाया और जनमहत्व के कई क्रांतिकारी विधेयक पारित करवाने में सफलता प्राप्त की। यदि विपक्ष इन विधेयकों को पारित करवाने में सरकार के साथ सहयोग करता और सदन में बहस होती तो यह विधेयक और भी अधिक लाभकारी बनाए जा सकते थे किंतु विपक्ष ने बहस में भाग न लेकर यह अवसर गँवा दिया।

केंद्र सरकार ने मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक नुकसान, युवाओं को ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचाने तथा नुकसान होने पर आत्महत्या करने व अपराध जगत में जाने से बचाने के लिए %%प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ आनलाइन गेमिंग बिल- 2025%% को संसद के दोनों सदनों से पारित करवा लिया। अब इस बिल को राष्ट्पति की भी अनुमति मिल गई है। इस बिल के पारित होने के बाद से ही अनेक कंपनियों ने ऑनलाइन मनी गेम्स एप बंद करने प्रारंभ कर दिए।

नए कानून में आनलाइन मनी गेमिंग की सुविधाएं देने वालों पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपए के जुर्माने तक का प्रावधान है। ऐसे प्लेटफार्म का विज्ञापन या प्रचार करने पर भी दो साल तक की सजा और 50 लाख तक का जुर्माना हो सकता है।

अब सरकार का फोकस रियल मनी आनलाइन गेम पर रोक लगाने की रहेगी। विधेयक के अनुसार एक नियामक प्राधिकरण बनाने पर भी काम चल रहा है जो आनलाइन गेमिंग क्षेत्र की देखरेख करेगा। कानून का असर उसके बन जाने के पूर्व से ही दिखने लगा क्योकि इसमें 25 करोड़ से अधिक यूजर्स वाली गेमिंग कंपनी जिसमे विंजी भी शामिल है ने अपना आधिकारिक बयान जारी कर अपनी सेवाओं को वापस लेने की घोषणा कर दी। इसके साथ ही ड्रीम-11, रमी सर्कल जैसी प्रमुख कंपनियों ने भी अपने गेम्स को हटाना प्रारंभ कर दिया है। एमपीएल और जुपी ने भी अपना कारोबार समेट लिया है।

भारत में आनलाइन गेमिंग बड़ा कारोबार बन चुका है इसमें लगभग 400 कंपनियां काम कर रही थीं और लगभग दो लाख युवा काम कर रहे थे । कंपनियों में 25 हजार करोड़ का निवेश था जिसमें एफडीआई भी शामिल था। सरकार ने आनलाइन गेमिंग एप पर प्रतिबंध लगाकर अपनी आमदनी का भी नुकसान किया है क्योंकि यह कंपनियां जीएसटी में भी 20 हजार करोड़ का योगदान कर रही थीं। वर्तमान समय में भारत में 1800 गेमिंग स्टार्टअप्स चल रहे थे। सरकार ने अपना मुनाफा त्यागकर मध्यमवर्गीय परिवार के जो लोग हर वर्ष आनलाइन गेमिंग एप्स के चक्कर में पड़कर 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक गंवा देते थे उनका धन बचाने के लिए यह कानून पारित करवाया है। आनलाइन गेमिंग से हर साल 45 करोड़ लोगों को नुकसान होता है।

सरकार को इस बात की पूरी जानकारी थी कि आनलाइन गेमिंग एप्स पर प्रतिबंध लगाने से उसे भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है और उद्योग समूहों ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा भी था कि अगर प्रतिबंध लागू हुए तो बड़े पैमाने पर नुकसान होगा तब भी सरकार ने आम जनता और समाज को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए यह कड़ा कदम उठाया। सरकार को यह भी पता है कि इस खेल में बहुत बड़े-बड़े लोग शामिल हैं। उद्योगपति से लेकर खेलों की दुनिया के महारथियों से लेकर शेयर बाजार की उठापटक करवाने वालों से लेकर राजनीति में उथल -पुथल करवाने वाले लोग भी इस खेल में शामिल हैं फिर भी सरकार ने इस खेल को प्रतिबंधित कर दिया है। सरकार को पता है कि इसमें शामिल बहुत से लोग कोर्ट चले जाएंगे तब भी सरकार युवाओं के भविष्य को बचाने के लिए संकल्पबद्ध व अडिग है। कानून को कोर्ट में चुनौती के लिए भी सरकार ने तैयारी कर ली है।

विश्व भर की आनलाइन गेमिंग कंपनियों की नजर भारत पर है क्योंकि भारत विश्व का सातवां सबसे बड़ा गेमिंग बाजार है। जैसे ही यह कानून पारित होने की खबर सामने आई वैसे ही ऑनलइान गेमिंग एप्स की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सदन में बिल पारित होते समय केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ऑनलाइन मनी गेमिंग को विकार घोषित किया है।

उन्होंने कहा कि रोगों के अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण आईसीडी -11 ने इसे गेमिंग विकार घोषित किया है। आनलाइन मनी गेमिंग सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है ।इसके कारण लोग मनोवैज्ञानिक विकारों और जुनूनी व हिंसक व्यवहार के शिकार हो रहे हैं। यही नहीं आनलाइन गेमिंग के कारण भारत की परिवार संस्कृति पर भी गहरी चोट पहुंच रही है। घरों में बुजुर्गों से लेकर छोटे- छोटे बच्चे तक आनलाइन गेमिंग की लत के ऐसे शिकार हो गये हैं कि उनमें एक -दूसरे को पहचानना व बात करना तक बंद हो गया है, बात होती है तो केवल टास्क पर होती है कौन हारा -कौन जीता पर होती है।

आनलाइन गेमिंग एक महत्वपूर्ण विषय हे जो डिजिटल दुनिया में व्यापक पैमाने पर उभर रहा है। इसके तीन सेगमेंट हैं जिसमें पहला ई स्पोटर्स है जिसमें टीम बनाकर खेलते हैं, मंथन होता है इसमें हमारे खिलाड़ियों ने पदक भी जीते हैं। इस विधेयक में उसे प्रोत्साहित किया जाएगा। दूसरा सेगमेंट आनलाइन सोशल गेम्स हैं जैसे सोलिटेयर, सुडोकू ,शतरंज आदि उन्हें भी बढ़ावा दिया जाएगा। तीसरा है आनलाइन मनी गेम्स जो चिंता का विषय हैं । इसकी एल्गोरिदम अस्पष्ट है, कभी - कभी यह जानना भी मुश्किल होता है कि आप किसके साथ खेल रहे हैं।


आनलाइन मनी गेमिंग एप्स पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून लंबे विचार विमर्श के बाद संसद से पारित कराया गया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तिगत प्रयासों का प्रतिफल है कि यह आज कानून बन गया है। कानून बनाते समय प्रधानमंत्री मोदी उन परिवारों की भावुक अपीलों से भी प्रेरित हुए जिन्होंने आनलाइन मनी गेम्स में अपने लोगों को खोया। ई - स्पोर्ट्स का सपना देखने वाले युवाओं की कहानियों के सथ कर्ज, लत और निराशा की सत्यता भी जुड़ी थी। इसी मुद्दे पर वित्त, खेल और आईअी मंत्रालय ने मिलकर एक खाका तैयार किया और प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस विषय पर काम कर रहे युवा विशेषज्ञों के साथ व्यापक चर्चा की तब जाकर यह ऐतिहासिक कानून पारित हुआ है।

बड़ी मानवीय त्रासदी - आनलाइन गेमिंग एक बड़ी मानवीय त्रासदी सिद्ध हुई है जिसमें कर्नाटक में 3 साल में ही 18 लोगों ने आत्महत्या कर ली। मैसूर में 80 लाख हारने के बाद एक परिवार ने आत्महत्या कर ली। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में भी आत्महत्या व हत्या के अनेक समाचार प्रकाशित हुए जिसका कारण आनलाइन गेमिंग रहा।आनलाइन गेमिंग के माध्यम से ठगों का एक बहुत बड़ा साम्राज्य भी अपना काम कर रहा था जो अब पकड़ में आ रहा है।

विधेयक पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, द प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ आनलाइन गेमिंग बिल 2025 भारत को गेमिंग नवाचार और रचनात्मकता का केंद्र बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह ई-र्स्पोट्स और आनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करेगा।साथ ही यह हमारे समाज को आनलाइन मनी गेम्स के हानिकारक प्रभावों से भी बचाएगा।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3632




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



### काकुरो - 3631 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक पुस्तक व्यापारी कुछ किताबें खरीदने हेतु एक सप्ताह के लिए लखनऊ गया। उसे लखनऊ में ऊँची चीज मिल गई और उसका दिल वहीं रह गया। जब कई दिन फालतू लग गए तो उसने अपनी पत्नी को तार दिया- 'अभी खरीददारी जारी है अगले सप्ताह हम...।'

पत्नी पति को जानती थी। वह तुरंत समझ गई।

उसने वापसी में तार भेजा- तुरंत लौट आओ...! यदि कल शाम तक वापसी नहीं हुई तो वही बेचना शुरू कर दूँगी जो तुम खरीद रहे हो।

□ □ □

रमन के बड़े भैया नरेश पिछले कई महीनों से बहुत परेशान थे। वे रमन से बोले- छोटे! मैं बहुत परेशान हूँ। मेरी बीवी हमेशा अपने पुराने पति का जिक्र करके मुझे ताना देती रहती है।

रमन बोला- भैया! ये तो कुछ भी नहीं है। मेरी बीवी ने तो अभी से मुझे उसके अगले होने वाले पति का ताना देना शुरू कर दिया है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3632



**बायें से दायें:-**

१. 'तू सामने जब आता' गीत वाली शाहरुख, माधुरी की फिल्म-३
४. शाहरूख, ट्विंकल की 'आशिक हूँ मैं कातिल भी' गीतवाली फिल्म-४
७. 'आके चली बांके चली' गीत वाली संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. 'दिल चीज क्या है' गीत वाली 'उमराव जान' की नायिका-२
१२. राजेंद्र कुमार, माला की 'जिसके सपने हमें' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'मैं तुझ से मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
१५. अक्षयकुमार, रवीना की 'टिप टिप बरसा पानी' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'संभाला है मैं ने' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१७. जैकी, रति अग्निहोत्री की 'छोड़ो मुझे छोड़ों' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'हुतूतू' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी ?-२
२३. 'ये रेशमी जुल्फे' गीत वाली राजेश, मुमताज की फिल्म-१,२
२४. मिथुन, चंकी, रितुपर्णा, सोमी अली की १९९४ की एक फिल्म-३,२
२७. 'बनाके क्यूँ बिगाड़ा रे' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
३०. जीतेंद्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीतवाली फिल्म-३
३२. 'एक लड़की जिसके होठों' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा की फिल्म-२
३३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
३४. 'तू प्यार का सागर है तेरी इक बूंद के प्यासे हम' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तन्हा तन्हा दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कहना है तुमसे कहना' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
३. फिल्म 'मिलन' में मनीषा कोईराला के साथ नायक का नाम-२
५. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दिया की फिल्म-२
६. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
८. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा की फिल्म-४
९. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, वहीदा की फिल्म-३
१३. 'हसीना गोरी गोरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'खानदान' की नायिका कौन थी-३
१९. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३
२०. 'हम साथ साथ हैं' में सोनाली के पिता की भूमिका किसने की थी ?-३,२
२१. 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली राजेश, सुलक्षण की फिल्म-२
२५. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की एक सस्पेंस फिल्म-२
२६. 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२८. 'गोरी जो मटके' गीत वाली फिल्म-३
२९. सनी, मीनाक्षी की 'सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीवकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की १९८१ की एक फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3631



## सूडोकु -3632


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3631 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## शब्द पहेली - 3632



**बाएँ से दाएँ**

1.असह्य,नागवार-5
4.कली-3
6.पराया,पंख-2
7.समुद्र-3
8.पिता की बहन-2
10.चौकसी,सुरक्षा-3
11.कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14.छल,धोखा-3
16.पक्षी,उड़ने वाला-4
17.उम्मीद-2
18.दौरा,पहरेदारी-2
19.धारण करना-4
21.आफत,मुसीबत-3
22.विदिर्ण-2,2
24.प्रकाशित-3
25.बल,जान-2
27.रसदार-3
28.जगत,दुनिया-2
29.नग,मूल्यवान पत्थर-3
30.तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**

1.जबरन उठा ले जाना-5
2.महोदय (अंग्रेजी-2)
3.नीलिमा-4
4.कुंती पुत्र,राधेय-3
5.वश,अधीन-2
7.संपूर्ण,पूर्ण-2
9.शिकार-3
12.असली,शुद्ध-3
13.हठ करना,रोना -4
15.हारा हुआ,पराजित-3
16.मशवरा,सलाह-4
17.विश्राम-3
18.अभिमान-3
20.भयभीत होना-2,3
21.संभवतः-3
22.टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23.तरना,स्वीमिंग-3
24.इसे मकड़ी बुनती है-2
26.जी,चित-2
28.संपत्ति-2

### शब्द पहेली -3631 का हल



# यूपी रेरा ने एजेंट्स के 14वें व 15वें बैच को दिए प्रमाणपत्र

## कार्यक्रम में यूपी रेरा के चेयरमैन संजय भूषण रेड्डी ने व्यक्तिगत रूप से 100 सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र सौंपे



**लखनऊ/गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) द्वारा मंगलवार को लखनऊ मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेरा के सर्टिफिकेशन ऑफ एजेंट्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के 14वें व 15वें बैच के सफल अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में यूपी रेरा के चेयरमैन श्री संजय भूषण रेड्डी ने व्यक्तिगत रूप से 100 सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र सौंपे। इस अवसर पर यूपी रेरा के सचिव श्री महेन्द्र वर्मा सहित प्राधिकरण के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। राज्य के विभिन्न शहरों से आए प्रतिभागियों के लिए यह समारोह एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा। कई अभ्यर्थियों ने कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें अधिक पेशेवर ढंग से काम करने का अनुभव प्राप्त हुआ है और अब वे संपत्ति खरीदारों व विक्रेताओं को बेहतर मार्गदर्शन देने में सक्षम होंगे।

### प्रमाणन प्रक्रिया

रेरा के तहत एजेंट के रूप में पंजीकरण के लिए अभ्यर्थियों को प्रमाणन कोर्स पूरा करना आवश्यक है। यह चार दिवसीय कार्यक्रम होता है, जिसमें पहले तीन दिन विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाते हैं। इसमें रियल एस्टेट (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट) एक्ट, संबंधित कानून, उपभोक्ता अधिकार, संपत्ति लेन-देन से जुड़े कानूनी पहलू तथा एजेंट की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया जाता है। चौथे दिन लिखित परीक्षा होती है और केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है।

वर्तमान में यह प्रशिक्षण राज्य के दो केंद्रों पर आयोजित किया जाता है- लखनऊ स्थित इंडिया लिटरेसी बोर्ड और ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) स्थित नोएडा इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी । इस कोर्स की फीस 6,000 रुपये है और आवेदन रेरा की आधिकारिक वेबसाइट up-rera.in पर ऑनलाइन किए जा सकते हैं।

### अब तक का प्रशिक्षण

अब तक यूपी रेरा द्वारा कुल 18 बैच संचालित किए जा चुके हैं। इनमें से 15वें बैच तक के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 1,508 लोगों ने इस कार्यक्रम के लिए आवेदन किया, जिनमें से 718 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इनमें से अंतिम परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। प्रमाणपत्र प्राप्त एजेंट्स अब रेरा की वेब पोर्टल पर पंजीकरण करवाने के बाद रियल एस्टेट एजेंट के रूप में काम करने के लिए पात्र होंगे।

### चेयरमैन के विचार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूपी रेरा के चेयरमैन श्री संजय भूषण रेड्डी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, रेरा का उद्देश्य रियल एस्टेट सेक्टर को और अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। हम उपभोक्ता और डेवलपर्स के बीच विश्वास को मजबूत करना चाहते हैं और इसमें प्रशिक्षित एजेंट्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब एजेंट्स कानून और नियामकीय ढांचे की पूरी समझ रखते हैं, तब वे घर खरीदारों और निवेशकों को उचित मार्गदर्शन दे सकते हैं। इससे विवाद कम होंगे और उपभोक्ताओं को न्याय सुनिश्चित होगा। उन्होंने आगे कहा कि रेरा एजेंट्स को सिर्फ बिचौलिया नहीं मानता, बल्कि उपभोक्ता हितों की सुरक्षा में जिम्मेदार भागीदार मानता है। यही जिम्मेदारी एजेंट्स में विकसित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई



**गौतमबुद्धनगर।** आगामी 25 से 29 सितंबर-2025 तक इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा के सभागार में तैयारियों को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यह आयोजन न केवल जिले बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठा का विषय है। मुख्यमंत्री जी स्वयं इसकी प्रगति पर लगातार नजर रख रहे हैं, अत: सभी विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी से करें।

जिलाधिकारी ने ट्रैफिक और पार्किंग की सुव्यवस्थित व्यवस्था को लेकर निर्देश दिये कि ट्रेड शो आने वाले आगंतुकों, व्यापारियों और विदेशी मेहमानों के लिए विशेष यातायात योजना तैयार की जाए। पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर स्पष्ट संकेतक लगाए जाएं और पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस बल की तैनाती हो। बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को रोकने के लिए ड्रेनेज सिस्टम व पंपिंग सेट की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन व बस अड्डों से एक्सपो स्थल तक विशेष शटल बस सेवा चलाई जाए। साथ ही टैक्सी और ई-रिक्शा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो। साथ ही कहा कि सभी होटल और गेस्ट हाउस निर्धारित दरों से अधिक शुल्क न लें, इसके लिए निगरानी टीमें निरंतर निरीक्षण करेंगी और शिकायत मिलने पर तत्काल कार्यवाही होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि शो में आने वाले राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों को उत्तर प्रदेश की विविध सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराने के लिए आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्रदेश के प्रमुख पारंपरिक व्यंजन एवं खानपान स्टॉल के माध्यम से उत्तर प्रदेश की खाद्य संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो व्यापक प्रचार-प्रसार व ब्रांडिंग की जाए। डिजिटल मीडिया, प्रिंट मीडिया, होर्डिंग्स और अन्य माध्यमों से आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी ने मोबाइल कंपनियों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शो के दौरान नेटवर्क कनेक्टिविटी को दुरुस्त रखने के लिए अतिरिक्त मोबाइल टावर व तकनीकी सहायता की व्यवस्था की जाए ताकि किसी भी प्रकार की नेटवर्क समस्या न हो। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि आयोजन स्थल पर डॉक्टरों की विशेष टीम 24 घंटे उपलब्ध रहे। पर्याप्त संख्या में मेडिकल कैंप, एम्बुलेंस व आपातकालीन सेवाएँ तैनात की जाएं। उन्होंने विद्युत विभाग को शो के दौरान 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और बैकअप व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। फायर विभाग को निर्देश दिए गए कि पूरे परिसर में अग्निशमन यंत्र, फायर टेंडर, आपातकालीन निकासी मार्ग और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएँ पूरी तरह से क्रियाशील स्थिति में रहें। डीएम ने कहा कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से कार्य पूरे करें और आपसी समन्वय बनाकर आयोजन को सफल बनाएं।

# ग्रेटर नोएडा में किसानों का धरना 29वें दिन भी जारी



**28 अगस्त से यमुना प्राधिकरण के सभी निर्माण कार्य रोकने का ऐलान**

**जेवर।** यमुना एक्सप्रेस-वे के आवासीय प्लॉट और अतिरिक्त मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का धरना मंगलवार को 29वें दिन भी जारी रहा। टीकम सिंह भाटी की अध्यक्षता और मास्टर श्यौराज की राष्ट्रीय अध्यक्षता में आयोजित धरने में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

किसान नेताओं ने घोषणा की कि 27 अगस्त को पूरे उत्तर प्रदेश में ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद 28 अगस्त से यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सभी निर्माण कार्यों को रोका जाएगा।

इसमें बिल्डर प्रोजेक्ट, यूनिवर्सिटी और फिल्म सिटी के निर्माण कार्य भी शामिल हैं। किसान नेताओं का कहना है कि प्राधिकरण न तो आवासीय प्लॉट दे रहा है और न ही अतिरिक्त मुआवजा। प्रशासन भी धरना दे रहे किसानों की सुध नहीं ले रहा है।

धरने में ठाकुर ओमवीर सिंह, मटरू प्रधान, प्रदीप कुमार, शिवरि, मनवीर सिंह, सचिन, शैलेश कुमार, अहमद सहीद, सद्दाम, फजर मोहम्मद, अमित गोड, संतवीर, हरद्वारी सिंह, खैमी सिंह, नरेश सिंह, टिंकू भाटी, सुनील भाटी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सात माह में 16.5 लाख बार टूटे ट्रैफिक नियम

**नोएडा।** लापरवाही की वाकई हद हो गई है। लोगों की मनमानियों के आगे अब ट्रैफिक पुलिस भी नतमस्तक नजर आ रही है। लोगों को नियमों का पालन कराने के लिए कई तरह के अभियान चलाए गए कई नियम बनाए गए, लेकिन इनपर अमल कराने में खुद ट्रैफिक पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। विभाग से मिला एक चौकाने वाला आंकड़ा इसकी गवाही देता है। इसके अनुसार, सात माह में 16.5 लाख बार लोगों की ओर से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया गया है। इनमें दोपहिया वाहन चालकों की संख्या अधिक है। सड़क दुर्घटाएं भी बढ़ी हैं। इस सबके बावजूद वाहन चालक हैं कि मानने को तैयार नहीं हैं। फिर चाहे वह बिना हेलमेट के चलना हो या फिर ओवरस्पीड में वाहन को दौड़ाना हो। लाल बत्ती पर न रुकने की तो इन्होंने जैसे कसम ही खाई हो। उसमें भी चालान प्रतिशत दोपहिया वाहनों का अधिक है।

दो पहिया वाहन चालकों में सबसे अधिक नियम बिना हेलमेट के चलने वाले वाहन चालकों ने तोड़े हैं। ऐसे करीब नौ लाख से अधिक चालान हुए हैं। इसके बाद लाल बत्ती पर न रुकने की प्रवृत्ति सबसे अधिक देखने को मिल रही हैं। वहीं तीसरे नंबर पर ओवरस्पीडिंग के चालान हुए हैं। यह संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है।

# नोएडा पुश्ता एलिवेटेड के लिए पीडब्ल्यूडी को भेजा ब्योरा

## 23 किमी लंबी बननी है एलिवेटेड, दिल्ली की एयरपोर्ट से मिलेगी सीधी कनेक्टिवटी

**नोएडा।** नोएडा पुश्ता रोड पर एलिवेटेड बनाने की दिशा में प्राधिकरण ने एक कदम और बढ़ा दिया है।

लोक निर्माण विभाग ने पुश्ता एलिवेटेड की जानकारी मांगी थी। जिसमें निर्माण की लोकेशन, जरूरत, प्राथमिक डिजाइन और कनेक्टिवटी के बारे में जानकारी मांगी थी।

एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि जो जानकारी मांगी गई है, उसे दिया जा रहा है।

इस जानकारी को लोक निर्माण विभाग सिंचाई विभाग को देगा। वहां वे अपनी रिपोर्ट शासन को भेजेंगे।

इसी रिपोर्ट को शासन मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट हाईवे को भेजेगा। जिससे इस रोड को एनएच घोषित किया जा सके। एक बार एनएच घोषित होने के बाद इसका निर्माण एनएचएआई कराएगा।

बता दें ये पुश्ता एलिवेटेड करीब 23 किमी लंबी होगी। इससे नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट सीधे दिल्ली से कनेक्ट हो सकेगा।

जिससे भविष्य में नोएडा एयरपोर्ट जाना आसान होगा साथ ही एक्सप्रेसवे से ट्रैफिक भार काफी कम हो जाएगा।

### बोर्ड में जो योजना पास की गई

नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड ने यमुना पुश्ता पर एलिवेटेड का निर्माण यूपीडा से कराने का निर्णय लिया गया था। निर्माण में जितना भी खर्च आएगा उसका वहन नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण करेगा।

नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में चर्चा के बाद इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई थी।

पहले ये एक्सप्रेस 6 लेन का एलिवेटेड और आठ लेन ऑन ग्राउंड बनाया जाना था। लेकिन अब इसे सिर्फ एलिवेटेड ही बनाया जाएगा। हालांकि अब सिंचाई विभाग की एनओसी का इंतजार है। इसके मिलते ही एनएएच घोषित कराया जाएगा।

### एयरपोर्ट की दिल्ली से सीधे कनेक्टिविटी

दरअसल, ये एक्सप्रेस वे छह लेन एलिवेटेड होगा। ये ओखला बैराज से हिंडन यमुना होते हुए यमुना एक्सप्रेस वे तक जाएगा। ये नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए दिल्ली से सीधे कनेक्टिविटी भी होगी। इसका फायदा तीनों प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे को होगा। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि बोर्ड में चर्चा के बाद जो भी निर्णय आया है उसका उसका पालन किया जाएगा। ये लिंक ट्रैफिक लोड को देखते हुए बहुत अहम है।

# शार्ट न्यूज

### द्रोण मेले में झूला संचालक से मारपीट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में चल रहे ऐतिहासिक द्रोण मेले में एक झूला संचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे विडियो में कुछ युवक झूला संचालक की पिटाई करते दिखाई दे रहे हैं। घटना सोमवार रात की है जब क्षेत्र के एक गांव के युवक मेले में झूलने आए थे। युवकों और संचालक के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। युवकों का दावा है कि उन्होंने एक टिकट के लिए 500 रुपये दिए थे। वहीं संचालक का कहना है कि युवकों ने 100 रुपये दिए थे। संचालक ने टिकट देने के बाद 20 रुपये वापस किए। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। मामला बिगड़ा और युवकों ने संचालक की पिटाई कर दी। विडियो में एक पुलिस कर्मी भी मौके पर मौजूद दिखाई दे रहा है, लेकिन वह कोई कार्रवाई करते नहीं दिख रहा। दनकौर पुलिस ने कहा है कि झूला संचालक की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### 187 निजी वाहनों का कॉमर्शियल उपयोग पर चालान

**नोएडा।** निजी वाहनों के कॉमर्शियल उपयोग के खिलाफ नोएडा की ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चला रखा है। अभियान तहत मंगलवार को कार्रवाई करते हुए 187 वाहनों का चालान ट्रैफिक पुलिस ने किए। यह वाहन चालक अपने निजी वाहन से सवारियों को ढो रहे थे। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार यह क्रम लगातार जारी रहेगा। इससे पहले भी परिवहन विभाग की ओर से ऐसे वाहनों पर कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जाता था लेकिन उसका कोई असर देखने को नही मिला। हालांकि, अब ट्रैफिक पुलिस ने इस पर सख्त एक्शन लेना शुरू कर दिया है। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस ने अपने आमतौर पर हुए चालान का क्रम भी जारी रखा और कुल 7124 चालान किए गए। 36 वाहनों को जब्त किया गया। इनमें से कुछ मैनुअली तो कुछ कैमरों के माध्यम से चालान हुए। इनमें सबसे ज्यादा बिना हेलमेट के 3,144 चालान किए गए। इसके अलावा बिना प्रदूषण वाले 256 वाहनों के चालान किए।

### जिले के 244 गांवों में पंचायत चुनाव की मांग तेज

**ग्रेटर नोएडा।** राष्ट्रीय देहात मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी केसरी सिंह गुर्जर की द्वितीय पुण्यतिथि पर परी चौक स्थित अखिल भारतीय गुर्जर संस्कृति शोध संस्थान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान जिले के 244 गांवों में पंचायत चुनाव की जरूरत पर जोर दिया गया। इस मुद्दे पर जल्द ही आगे की रणनीति तय की जाएगी। पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने चौधरी केसरी सिंह गुर्जर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव न होने से लोगों के मन में पीड़ा है। उनका कहना है कि स्थानीय लोगों को प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। एडवोकेट महेंद्र अवाना ने कहा कि विषय गंभीर और चिंता पूर्ण है ।प्राधिकरण को किसानों की जमीन की कीमत कम देनी पड़े, इसलिए पंचायत चुनाव बंद कर दिए गए। राज्य सरकार को किसानों और क्षेत्र वासियों के हित में चुनाव कराने चाहिए। वहीं देहात मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव संजय भाटी ने कहा कि जिले के 244 गांवों के लोगों को लंबे समय से उनके संवैधानिक अधिकार से वंचित किया जा रहा है।

### दूषित पानी से फैली संक्रमित बीमारियां

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अम्रपाली ड्रीम वैली एनचैटे सोसाइटी में दूषित पेयजल और जलजमाव के कारण मच्छरजनित और संक्रमित बीमारियां फैल रही हैं। सोसाइटी के करीब 12 लोगों में डेंगू के लक्षण मिले हैं। वहीं, अन्य लोगों ने भी इससे मिलते जुलते लक्षण की शिकायत की है। आरोप है कि एनबीसीसी की ओर से अधूरे कार्यों के साथ प्रोजेक्ट का सुपुर्द (हैंडओवर) कर दिया, इससे जलजमाव की समस्या हो गई है। सोसाइटी में रहने वाले लोगों ने बताया कि परिसर में करीब 300 परिवार रहते हैं, जिनको अधूरे कार्यों के साथ प्रोजेक्ट का एओए को सुपुर्द कर दिया गया ।आरोप है कि एओए को सुपुर्दगी देते समय एनबीसीसी के अधिकारियों की ओर से एसटीपी सहित अन्य अधूरे कार्यों को पूरा करके देने का वादा किया गया था, लेकिन उसे निभाया नहीं जा रहा है। बरसात के समय सोसाइटी में जलजमाव की समस्या बढ़ जाती है। एसटीपी पूरी तरह से बना हुआ नहीं है, जिसके कारण उसका गंदा पानी बाहर निकाल कर बेसमेंट में भर जाता है।

### रेस्तरां में ग्राहकों के सामान चोरी करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-20 थाना पुलिस ने पिछले दिनों सेक्टर-18 स्थित नामी कंपनियों के रेस्तरां से ग्राहकों के कीमती सामान चोरी करने वाले शातिर चोर को सोमवार शाम गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम सेक्टर-18 में मल्टीलेवल कार पार्किंग के पास एक काले रंग का बैग लिए एक व्यक्ति आते दिखाई दिया। बिजलीघर के पास रुक गया और पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। आरोपी की पहचान सेक्टर-15 स्थित नयाबांस गांव निवासी अजय सक्सेना के रूप में हुई ।उसके बैग की तलाशी ली तो उसमें एक लैपटॉप, तीन डेबिट कार्ड, एक चार्जिंग केबल, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, 10-10 पाउंड के दो नोट विदेशी मुद्रा के और काले रंग का बैग बरामद हुआ। वहीं, जेब में एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ।

### विवाहिता की हत्या में पति समेत तीन को जेल भेजा

**दादरी ।** रेलवे रोड पर विवाहिता की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है । आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने गले में फंदा लगाकर महिला की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में मंगलवार को पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जनपद बुलंदशहर के थाना अहार की रहने वाली मनीषा की शादी मनोज शर्मा के बेटे शिवम शर्मा से हुई थी। शादी के बाद से ही विवाहित पर दहेज के लिए दबाव बनाने लगे ।इस दौरान दोनों पक्ष में कई बार पंचायत भी हुई। शादी के एक साल बाद मनीषा ने एक पुत्र को जन्म दिया। इसके बावजूद भी ससुराल पक्ष के लोगों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। आरोप है कि रविवार को मनीषा को फांसी देकर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

# यमुना डूब क्षेत्र में तोड़े गए 35 फार्म हाउस

## हाल ही में बने थे कई फार्म हाउस, यमुना के बहाव में बने थे अवरोधक

- तोड़फोड़ का लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन कार्रवाई पर कोई असर नहीं पड़ा
- कार्रवाई से यमुना नदी की धारा करीब 1 किलोमीटर तक अवरोधमुक्त हुई है

**नोएडा।** यमुना के डूब क्षेत्र में मंगलवार को फार्म हाउस तोड़फोड़ का बड़ा अभियान चला। सिंचाई विभाग, नोएडा प्राधिकरण व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान सेक्टर-151 के कोंडली बांगर और 155 के बादौली खादर के सामने बनाए गए 35 फार्म हाउस आनन-फानन में तोड़ दिए गए। इनमें से कई फार्म हाउस कुछ समय पहले ही बने थे। तोड़फोड़ का लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन कार्रवाई पर कोई असर नहीं पड़ा। सिंचाई विभाग की तरफ से बताया गया कि ये फार्म हाउस यमुना के बहाव में अवरोध पैदा कर रहे थे। कार्रवाई से यमुना नदी की धारा करीब 1 किलोमीटर तक अवरोधमुक्त हुई है।

गौरतलब है कि तोड़े गए फार्म हाउस में कई आलीशान थे। इनमें स्वीमिंग पूल, चमचमाते शीशे की बालकनी-खिड़की, झूले व अन्य महंगे संसाधन मौजूद थे।

लंबे समय बाद यमुना डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउस तोड़े गए हैं। पिछले वर्ष कुछ फार्म हाउस तोड़े गए थे। नोएडा प्राधिकरण ने वर्ष 2021 के शुरुआत में यमुना में बने डूब क्षेत्र की संख्या पता करने के लिए सर्वे किया था। उस समय करीब एक हजार फार्म हाउस बने होना सामने आया था। इसके बाद और भी बहुत से फार्म हाउस यहां बने हैं।

गौरतलब है कि नदियों के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण ध्वस्त करने के लिए 20 अगस्त को जिलाधिकारी मेधा रूपम के स्तर से दादरी, सदर व जेवर तहसील की समिति बनाई गई है। इसमें संबधित एसडीएम को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। नोएडा, ग्रेनो, यमुना प्राधिकरण के जीएम, क्षेत्र के एसीपी, सिंचाई विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। इसमें दादरी के लिए मंगलवार, सदर के लिए बुधवार और जेवर तहसील के लिए बृहस्पतिवार का दिन अभियान के लिए तय हुआ है।

# आईएसटीएमएस साइट से लाखों के उपकरण चोरी

**नोएडा।** शहर में कैमरे संचालित करने वाले निगरानी तंत्र आईएसटीएमएस की साइट से लाखों के उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है। एफकोन इंडिया कंपनी आइएसटीएमएस निगरानी तंत्र की देखरेख करती है। कंपनी ने नोएडा में कैमरों के संचालन करने के लिए कई स्थानों पर साइट बना रखी है। एक साइट शशि चौक के पास भी है। इस साइट से बदमाश दो जुलाई की रात बैटरी, यूपीएस आदि उपकरण चोरी कर ले गए। फील्ड सुपरवाइजर ने अस्थायी व्यवस्था कर साइट को शुरू कराया। इसके बाद इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। अब पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

# परिवार को 37 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 3.22 करोड़ की ठगी

## वारदात के दौरान कथित पीएमएलए थी कोर्ट में किया पेश

**नोएडा।** साइबर जालसाजों ने एक परिवार को 37 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर वायु सेना के सेवानिवृत अधिकारी से 3 करोड़ 22 लाख रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने व बचाने के नाम पर ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट के दौरान कथित पीएमएलए भी कोर्ट में पेश किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर 25 में रहने वाली मलोबिका मित्रा ने बताया कि वह अपने माता पिता के साथ रहती हैं। उनके पिता सुबीर मित्रा के पास 16 जुलाई को ट्राई के नाम से एक शख्स ने फोन किया और कहा कि आपके नाम से जारी एक सिम से अश्लील मैसेज व गलत जानकारी भेजी जा रही है। इसके बाद कॉलर ने मुंबई क्राइम ब्रांच के कथित अधिकारी को फोन लगा दिया। कथित पुलिस अधिकारी ने कहा कि आपके आधार कार्ड से मुंबई में केनरा बैंक में एक खाता खोला गया है।



इस खाते का इस्तेमाल नरेश गोयल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में हो रहा है। इस मामले में आपके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। आपको तुरंत मुंबई आना होगा। इसके बाद सुबीर मित्रा, इनकी पत्नी व बेटी तीनों को जालसाजों ने डरा दिया और 16 जुलाई से 22 अगस्त तक तीनों को घर में डिजिटल अरेस्ट कर लिया।

इस दौरान जालसाजों ने डराने के लिए कथित रूप से पीएमएलए कोर्ट में ऑनलाइन पेश किया। इस पर कोर्ट ने कथित रूप से फैसला दिया कि सुबीर मित्रा के खाते का सत्यापन किया जाए। जालसाजों ने कहा कि खातों में जितनी भी रकम है।

उसे अलग अलग खाते में भेज दें। अगर सत्यापन में सभी जांच ठीक हुई तब रकम वापस भेज दी जाएगी। इसके बाद जालसाजों ने अलग अलग खातों में 3.22 करोड़ रुपये ट्रांसफर करा लिया।

इसके बाद संपर्क तोड़ लिया। तब पीड़ित परिवार को ठगी का अहसास हुआ। एडीसीपी साइबर सेल शैव्या गोयल का कहना है कि पुलिस उन खातों की जांच कर रही है, जिनमें रकम ट्रांसफर की गई है।

### क्या है डिजिटल अरेस्ट

डिजिटल अरेस्ट में मोबाइल लैपटॉप से स्काइप पर वीडियो कॉलिंग या अन्य एप के जरिए किसी पर नजर रखी जाती है।

उसे डरा धमका कर वीडियो कॉलिंग से दूर नहीं होने दिया जाता है। यानी वीडियो कॉल के जरिए एक तरह से आरोपी को उसके घर में कैद कर दिया जाता है। इस दौरान न तो वह किसी से बात कर सकता है और न कहीं जा सकता है। उसे इतना डरा दिया जाता है कि उससे लाखों करोड़ों रुपये का ट्रांजैक्शन के लिए मजबूर होना पड़ता है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 27 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

# करंट की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत

## जौनपुर में नाले में बहे युवक-युवती का 25 घंटे बाद मिला शव

**जौनपुर।** जौनपुर शहर के मछलीशहर पड़ाव पर सोमवार शाम करीब 5 बजे 20 वर्षीय प्राची मिश्रा करंट की चपेट में आकर नाले में बह गईं। उन्हें बचाने पहुंचे मोहब्बद समीर भी करंट की चपेट में आकर नाले में गिर गए। इसी दौरान दोनों को बचाने गए ई-रिक्शा चालक शिवा गौतम (26) करंट लगने से मौके पर ही मौत के शिकार हो गए।



### 27 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

हादसे के बाद नगर पालिका, पुलिस, पीएसी फ्लड फोर्स और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। जेसीबी से नाले के ढक्कन खोलकर लगातार तलाशी की गई। करीब 27 घंटे की मशक्कत के बाद मंगलवार शाम 7: 30 बजे प्राची और समीर के शव घटना स्थल से 2 किमी दूर नाले से बरामद किए गए।
सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह ने बताया कि सोमवार रात से लगातार रेस्क्यू चल रहा था। मंगलवार को भी सुबह से एसडीआरएफ व पीएसी की टीमों ने अभियान तेज किया। डीएम ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की थी। रिपोर्ट मिल चुकी है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन में चार टीमें लगाई गई थीं। दोनों शवों की पहचान परिजनों ने कर ली है। पंचायत नामा और पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जा रही है।

## कांगड़ा में जुआ खेलते 4 युवक पकड़े

**धर्मशाला।** कांगड़ा में आज यानी मंगलवार को पंजाब और उत्तर प्रदेश के चार युवकों जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 31,850 रुपए नकद और ताश के पत्ते बरामद किए। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। यह कार्रवाई शाहपुर पुलिस ने देर शाम को की। शाहपुर थाना पुलिस को गश्त के दौरान रैत क्षेत्र में जुआ खेलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने छापेमारी कर चार युवकों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में उत्तर प्रदेश के हाथरस से अजीत कुमार और राकेश कुमार तथा पंजाब के मुकेरियां से संजू कुमार और हरप्रीत सिंह शामिल हैं। शाहपुर थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे थे। मौके से 52 पत्तों की ताश की गड्डी भी बरामद की गई है। कांगड़ा पुलिस ने लोगों से अपील की है कि जुआ या सट्टा गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# रुपये दोगुना करने का झांसा देकर ढाई लाख की ठगी

### पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जांच शुरू की




**पीलीभीत ।** रुपये दोगुना करने का झांसा देकर एक व्यक्ति से ढाई लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पहले आरोपी ने पूजा-पाठ का सहारा लेकर विश्वास हासिल किया, फिर 'चमत्कारी शीशे' में रुपये बंद करवाकर दो दिन बाद दोगुना करने का वादा किया। तय समय पर जब शीशे खोले गए तो नोटों की जगह रंगीन कागज निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।
जनपद के जहानाबाद थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बगवा निवासी फूलचंद ने पुलिस को तहरीर दी है कि ग्राम नवादा कंजा निवासी एक व्यक्ति से उसकी पुरानी पहचान थी। आरोपी का उसके घर आना-जाना भी था। इसी दौरान उसने रुपये दोगुना करने का लालच दिया। फूलचंद के मुताबिक आरोपी ने पहले पूजा के नाम पर 20 हजार रुपये लिए। इसके कुछ समय बाद आरोपी दो अन्य साथियों के साथ घर पहुंचा और 2 लाख 30 हजार रुपये और ले गया।आरोपी ने रुपये लेकर दो शीशों को टेप से बंद कर दिया और कहा कि इन्हें 24 घंटे तक मत खोलना। उसने भरोसा दिलाया कि दो दिन बाद वह खुद आकर शीशे खोलेगा और रुपये दोगुना मिलेंगे।
निर्धारित समय पर जब आरोपी के सामने पीड़ित ने शीशा खोला तो रुपये की जगह रंगीन कागज निकले। यह देख फूलचंद के होश उड़ गए और तभी उसे ठगी का अहसास हुआ।थाना प्रभारी प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## शार्ट न्यूज

### चोरी की मूर्ति बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** बार जैन मंदिर में रात हुई मूर्ति चोरी करने के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही खुलासा कर दिया। दो आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मूर्ति बरामद कर ली। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी ,तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना बार पुलिस द्वारा थाना बार पर पंजीकृत मु.अ.सं.-290/2025 धारा 305घ/331(4) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण अभिचन्द्र उर्फ छोटे राजा पुत्र रूप सिंह राजा उम्र करीब 22 वर्ष नि0 ग्राम चिकलौआ थाना बार ललितपुर रावसाहब पुत्र कृपाल सिंह उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम चिकलौआ थाना बार ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण अभिचन्द व रावसाहब उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए, न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है ।

### मकान मालिक के बेटे ने किशोरी से किया दुराचार

#### शिकायत पर घर का सामान सड़क पर फेंकने की दी धमकी

**पूरनपुर।** मकान मालिक के बेटे ने किरायेदार किशोरी के साथ कई बार दुराचार किया। तीन दिन पहले भी आरोपी युवक ने किशोरी से दुराचार का प्रयास किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला विजय यादव के मकान में किराए पर रहती है। महिला ने बताया उनकी बेटी कक्षा 11 की छात्रा है। 2 महीने से मकान मालिक का बेटा विशाल यादव उनकी पुत्री के साथ डरा धमकाकर कई बार दुराचार कर चुका है। 10 अगस्त को उनकी बेटी कोचिंग का बैग लेने कमरे में गई। इस दौरान विशाल यादव ने किशोरी को कमरे में दबोचकर दुराचार किया। शिकायत करने पर घर का सामान सड़क पर फेंकने की धमकी दी। महिला का आरोप है 23 अगस्त को उनकी बेटी बरामदे में सो रही थी। रात लगभग 12 बजे विशाल यादव ने उनकी बेटी का मुंह बंद कर दबोचने का प्रयास किया। उसके चीखने पर महिला और उसकी बड़ी बेटी जाग गई। किशोरी ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने विशाल यादव पुत्र विजय यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

### रामपुर में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा

**रामपुर।** रामपुर में सरकारी जमीन पर फर्जी दस्तावेज बनाकर अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। जिला प्रशासन ने इस मामले में 23 लोगों और राजस्व कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। तहसील सदर के ग्राम शहीद नगर और अजीतपुर में सरकारी जमीन पर फर्जी एंट्री की शिकायत मिली थी। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने जांच के लिए अधिकारियों की टीम बनाई। जांच में पता चला कि ग्राम सईदनगर हरदोपट्टी की सरकारी जमीन कुछ लोगों के नाम बिना किसी आदेश के फर्जी तरीके से दर्ज की गई है। साथ ही दस्तावेजों में फेरबदल भी किया गया। जिलाधिकारी के मुताबिक यह जमीन मेन हाइवे पर स्थित है। इस पर कार बाजार के रूप में कुछ लोगों का अवैध कब्जा है। जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर जालसाजी और धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन जनपद में अन्य सरकारी जमीनों की भी जांच कर रहा है। प्रशासन ने कहा है कि सरकारी जमीनों पर कब्जा करने और दस्तावेजों में हेराफेरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### शारदा यूनिवर्सिटी छात्रा आत्महत्या केस : 19 दिन जेल में रहने के बाद दो प्रोफेसरों को मिली जमानत

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा विश्वविद्यालय में बीडीएस की छात्रा ज्योति शर्मा की आत्महत्या मामले में एक नया मोड़ आया है। मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश मलखान सिंह की अदालत ने दो आरोपी प्रोफेसरों को जमानत दे दी। डॉ. शैरी वशिष्ठ और डॉ. महेंद्र सिंह 19 जुलाई से जेल में बंद थे। ज्योति शर्मा ने 18 जुलाई 2025 को आत्महत्या की थी। उसने सुसाइड नोट में डॉ. शैरी और डॉ. महेंद्र को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया था। शिकायतकर्ता रमेश जांगड़ा के अनुसार, विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिजनों और पुलिस को सूचित किए बिना शव को फंदे से उतारकर अस्पताल भेज दिया था। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इनमें डॉ. शैरी, डॉ. महेंद्र, अनुराग अवस्थी, सुरभि, डीन डॉ. एम. सिद्धार्थ और डॉ. आशीष चौधरी शामिल थे। इन पर छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने, मानसिक उत्पीड़न और साक्ष्य छुपाने के आरोप लगे थे।

### जालौन में खनन वाहनों की डिजिटल निगरानी

**जालौन।** जालौन में खनन कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। उरई स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें पट्टाधारक, भंडारणकर्ता और ट्रक ऑपरेटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हुए। भूतत्व एवं खनिज निदेशालय के आदेशानुसार बालू, मौरम, गिट्टी और बोल्डर का परिवहन करने वाले सभी वाहनों में वीटीएस लगाना जरूरी होगा। वाहन मालिकों को अपने वाहनों का पंजीकरण यूपी माइन मित्रा पोर्टल पर कराना होगा। बिना पंजीकरण के किसी भी वाहन को परिवहन की अनुमति नहीं मिलेगी। खनन पट्टाधारकों और भंडारणकर्ताओं को अपने क्षेत्रों में आरएफआईडी स्कैनर और वे-ब्रिज स्थापित करने होंगे। ये उपकरण विभागीय पोर्टल से जुड़े रहेंगे। इससे वाहनों की गतिविधि और खनिज की आवाजाही पर नजर रखी जा सकेगी। नई व्यवस्था से गलत चालान, ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन पर रोक लगेगी। सभी लेन-देन डिजिटल माध्यम से होंगे। इससे सरकारी राजस्व की सुरक्षा होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पोर्टल पर पंजीकरण न कराने वाले वाहनों का परिवहन कार्य तुरंत रोक दिया जाएगा। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी का कहना था कि इस प्रणाली से पारदर्शिता बढ़ने के साथ-साथ गलत चालान और फर्जी बिलिंग की शिकायतें भी खत्म होंगी। लंबे समय से ट्रांसपोर्टरों को जो परेशानियां झेलनी पड़ रही थीं, वे अब काफी हद तक दूर हो जाएंगी।

## आरोपियों,वांक्षितों पर पुलिस का शिकंजा

### वारंटी और पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी

**अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में जिलेभर में अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो बड़ी कार्यवाहियां की हैं। थाना महरुआ पुलिस टीम ने मंगलवार को मुकदमा संख्या 5242/2020, अपराध संख्या 116/2019 धारा 498ए, 323, 506 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित वारंटी आरोपी रमन सिंह पुत्र विनय सिंह निवासी मुकुन्दीपुर, थाना महरुआ, उम्र 30 वर्ष को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। आरोपी की गिरफ्तारी माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत गैर-जमानती वारंट पर की गई। इसी क्रम में थाना भीटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को ग्राम नाऊ का पुरवा, परवरभारी निवासी विनय उर्फ अंकुर शर्मा पुत्र रामलोचन शर्मा को चनहा-सेनपुर मार्ग पर बढ़ईया मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी पर थाना स्थानीय में मुकदमा संख्या 196/25 धारा 137(2)/351(3)/64(2)(एम) बीएनएस व 5(ठ)/6 पाक्सो एक्ट दर्ज है। आरोप है कि आरोपी ने 17 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया तथा जान से मारने की धमकी दी।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार पांडेय, कांस्टेबल सूरज पांडेय और कांस्टेबल विनय यादव शामिल रहे।

# दुकान मालिक ने भेजे गुंडे, महिलाओं ने छत से बरसाए ईंट-पत्थर

**पीलीभीत।** बीसलपुर में किराएदारी विवाद ने लिया जानलेवा हमले का रूप, पुलिस ने कई लोगों को किया गिरफ्तार सोमवार को शहर में उस समय हड़कंप मच गया जब दुकान मालिक और किराएदार के बीच पुराना विवाद अचानक हिंसक रूप ले बैठा। दोनों पक्षों में कहासुनी इतनी बढ़ी कि छत से ईंट-पत्थरों की बरसात शुरू हो गई। देखते ही देखते सड़क पर भगदड़ मच गई और पूरा इलाका दहशत में आ गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और दोनों पक्षों के दो लोगों को हिरासत में ले लिया। 50 साल पुराना विवाद, अदालत में विचाराधीन मोहल्ला बख्तावर लाल निवासी सूरज दुबे की दुकान चठिया सेवाराम निवासी रामनिवास त्रिगुणायत के नाम करीब 50 वर्षों से किराये पर है। इस दुकान को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद न्यायालय में लंबित है। अदालत ने पहले ही स्थगन आदेश (स्टे ऑर्डर) जारी कर रखा है कि किराएदार को असंवैधानिक तरीके से बेदखल नहीं किया जा सकता और न ही दुकान को नुकसान पहुँचाया जा सकता है।छत से बरसे पत्थर, वकील की पिटाई सोमवार की सुबह रामनिवास रोज़ाना की तरह दुकान की सफाई करने पहुँचे थे। तभी दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और विवाद बढ़ गया। आरोप है कि महिलाओं ने छत से ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। इस झगड़े में सूरज दुबे के पिता, जो पेशे से वकील हैं, उनकी भी पिटाई कर दी गई। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में वकील कोतवाली पहुँच गए और विरोध दर्ज कराया। मेडिकल के दौरान हुआ जानलेवा हमला झगड़े में घायल किराएदार का जब अस्पताल में मेडिकल कराया जा रहा था, तभी दुकान मालिक की ओर से कथित रूप से गुंडे भेजे गए। बताया जा रहा है कि ये लोग लाइसेंसी असलहे लेकर अस्पताल पहुँचे और किराएदार पर जानलेवा हमला कर दिया। हालांकि समय रहते पुलिस मौके पर पहुँच गई, असलहे जब्त कर लिए गए और हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया। दुकान को पहुँचाया नुकसान आरोप है कि दुकान मालिक ने अदालत के आदेश की अवहेलना करते हुए जानबूझकर दुकान को क्षति पहुँचाई। दुकान का लिंटर और कई दीवारें तोड़ दी गईं, ताकि किराएदार को ज़बरन दुकान खाली करने पर मजबूर किया जा सके। पुलिस की कार्रवाई घटना के बाद से इलाके में तनाव बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस वे वाया पीलीभीत निर्माण कराये जाने की मांग

### राज्यमंत्री ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री को लिखा पत्र

**पीलीभीत।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रदेश में प्रस्तावित शामली-मेरठ-गोरखपुर एक्सप्रेस वे के निर्माण में पीलीभीत जनपद का नाम हटाये जाने की सूचना पर गन्ना विकास एंव चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर प्रस्तावित उक्त एक्सप्रेस वे का निर्माण वाया पीलीभीत किये जाने की मांग की है। पूर्व प्रस्तावित एक्सप्रेस वे के लिए निर्धारित मार्ग में पीलीभीत को शामिल किया गया था लेकिन संशोधित मार्ग निर्माण में पीलीभीत जनपद को हटाकर उसके स्थान पर बरेली-शाहजहाँपुर-लखीमपुर खीरी-बहराइच आदि जनपदों को शामिल किया गया है।



राज्यमंत्री गंगवार ने केन्द्रीय मंत्री गडकरी को लिखे पत्र में कहा है कि पीलीभीत जनपद नेपाल सीमा से सटे तराई क्षेत्र का महत्वपूर्ण जनपद है जहा चीनी उधोग, गेंहू आदि का उत्पादन बहुतायत होता है जो जनपद के विकास में उल्लेखनीय योगदान देता है। इतना ही नही पीलीभीत टाईगर रिजर्व की स्थापना होने से यहा देश विदेश के पर्यटकों का बड़ी संख्या में आवागमन रहता है जो जनपद के विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की औधोगिक विकास तेजी हो रहा है एशिया की सबसे बड़ी खमीर फैक्ट्र (ईस्ट) की स्थापना हो रही है। इसके अलावा कई अन्य औधोगिक ईकाईयों के यहा प्लान्ट लगाने कार्यवाही चल रही है। उन्होनें कहा की शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस वे के वाया पीलीभीत निर्माण होने से जहा दूरदराज के लोगो को अपने व्यापार सम्बन्धी आवागमन में आसानी होगी वही जनपद के विकास एंव नये आयाम स्थापित हो सकेगे।

## लखीमपुर में दुकानों पर कब्जे को लेकर विवाद

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी के संकटा देवी चौकी क्षेत्र में दुकानों के स्वामित्व को लेकर विवाद सामने आया है। गोविंद दूध डेयरी के समीप स्थित कुछ दुकानों पर दो पक्षों ने अपना दावा किया है। एक पक्ष के पास जमीन के कागजात और कोर्ट का आदेश है। मंगलवार सुबह इस पक्ष ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखी कार सहित सफाई करने का प्रयास किया। इस पर दूसरे पक्ष ने विरोध करते हुए हंगामा कर दिया। विवाद की जड़ में करीब तीन साल पुराना मामला है। विपक्षी का आरोप है कि गोविंद डेयरी के मालिक ने फर्जी कागजात तैयार करके जमीन हथिया ली है। इस संबंध में उन्होंने कोर्ट में वाद दायर किया था। वहीं डेयरी मालिक का कहना है कि उनके पास जमीन की दावेदारी का कोर्ट आदेश मौजूद है। कोतवाली प्रभारी हेमंत राय ने बताया कि एक पक्ष कोर्ट का आदेश लेकर आया है। कोर्ट ने जगह खाली करने के लिए एक महीने का समय दिया था। इस अवधि में अभी दो दिन शेष हैं। समय सीमा समाप्त होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दुष्कर्म के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार



**ललितपुर।** सौजना नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सौजना पुलिस द्वारा थाना सौजना पर पंजीकृत मु0अ0स0- 119/2025 धारा 333, 115(2), 352, 351(3), 65(1) बीएनएस व धारा 3(1)द, ध 3(1)(2)(ii) व 3(2)(1a) 3(2)(1) एससी/एसटी व ङ्पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त दीपक यादव पुत्र रामफल यादव उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम निबुआखेड़ा थाना सौजना जिला ललितपुर को ग्राम निबुआखेड़ा थाना सौजना जिला ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।गिरफ्तार करने वाली टीम क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा मय टीम थानाध्यक्ष सुश्री पारुल चंदेल मय टीम आदि शामिल रहे ।

# बाघ एक्सप्रेस पहुंची सुहास और पंडरी उर्फ मुंडा सेमनगर

### नुक्कड़ नाटक और फिल्मों के जरिए बताया मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व का महत्व

**पीलीभीत।** मानव और वन्यजीवों के सहअस्तित्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही बाघ एक्सप्रेस जागरूकता अभियान मंगलवार को सुहास और पंडरी उर्फ मुंडा सेमनगर पहुंचा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।
पीलीभीत टाइगर रिजर्व और एम3एम फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 575 लोगों ने भागीदारी की।
कार्यक्रम के दौरान बाघ एक्सप्रेस में लगी टीवी के माध्यम से मानव और वन्यजीवों के सहअस्तित्व पर आधारित लघु फिल्में दिखाई गईं। साथ ही कलाकारों ने रोचक और शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए, जिनमें वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा, मानवीय गतिविधियों से बढ़ते खतरों और बाघों सहित अन्य वन्यजीवों के संरक्षण की जरूरत पर प्रकाश डाला गया।



संवाद सत्रों के माध्यम से स्थानीय लोगों को वन्यजीव संरक्षण और उनके साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने के महत्व पर जानकारी दी गई।
किसानों, महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी कर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत प्रतिभागियों को वन्यजीवों से सुरक्षा हेतु किए जाने वाले उपायों से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। इस दौरान बाघ मित्र राजीव कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि बाघ मित्र राहुल कुमार, सामाजिक वानिकी बीसलपुर से सुरेश कुमार गंगवार और WWF से प्रेमचन्द्र भी मौजूद रहे।
पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने कहा कि बाघ एक्सप्रेस का उद्देश्य केवल जागरूकता बढ़ाना नहीं है, बल्कि लोगों को वन्यजीवों के साथ सुरक्षित और सकारात्मक संबंध बनाने के लिए प्रेरित करना भी है।

# अर्टिगा ने पीआरवी वैन को मारी टक्कर, दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी

**अंबेडकरनगर।** बसखारी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर मंगलवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। राम अवध स्मारक पीजी कॉलेज के पास गलत दिशा से आ रही एक अनियंत्रित अर्टिगा कार ने लिंक मार्ग से हाईवे पर चढ़ रही पुलिस की पीआरवी 1635 को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि पीआरवी वाहन पलट गया और उसमें सवार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सिपाही मंसाराम यादव और होमगार्ड शेषनाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अर्टिगा कार तेज रफ्तार में गलत दिशा से आ रही थी। जैसे ही वह लिंक मार्ग से हाईवे पर चढ़ी, सीधे पुलिस वाहन से जा टकराई। हादसे के बाद पीआरवी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही बसखारी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाने के साथ ही कार को कब्जे में ले लिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि गलत दिशा और तेज रफ्तार में गाड़ियां चलाना आए दिन हादसों का कारण बन रहा है। इस हादसे ने एक बार फिर से सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी के खतरों को उजागर कर दिया है।





# राज्यपाल के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की बैठक

**ललितपुर।** आगामी 28 अगस्त को महामहिम राज्यपाल के जनपद आगमन व कल्याणसिंह सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रुप देने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी अमलदीप डुली ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति जानी और अद्यतन प्रगति की बुकलेट आज शाम तक ही तैयार कर लेने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महामहिम राज्यपाल महोदया के कार्यक्रम को पूरी भव्यता व सादगी से आयोजित किया जाएगा, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी उनको सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ निभायें। बैठक में बताया गया कि 28 अगस्त को प्रातः 9:55 बजे हवाई सफर करके पुलिस लाइन हेलीपेड पर उतरेंगी और कार द्वारा प्रातः 10 बजे कल्याणसिंह सभागार पहुंचकर आंगनबाड़ी किट वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग एवं सम्बोधन करेंगी। इसके बाद 11:35 बजे सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगी। इसके उपरान्त हैलीपेड से लखनऊ के लिए प्रस्ताथान करेंगी।



## संक्षिप्त समाचार

### स्पेसएक्स के स्टारशिप की लॉन्चिंग टली

**वाशिंगटन, एजेंसी।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के विशाल स्टारशिप रॉकेट की लॉन्चिंग टल गई है। लॉन्चिंग से करीब आधा घंटे पहले ही रॉकेट की लॉन्चिंग टाल दी गई। हालांकि आधिकारिक बयान जारी कर कंपनी ने लॉन्चिंग टालने की वजह का खुलासा नहीं किया है, लेकिन दावा किया जा रहा है कि ग्राउंड सिस्टम में अज्ञात तकनीकी दिक्कत के चलते लॉन्चिंग टाली गई है। स्पेसएक्स के इस रॉकेट की लॉन्चिंग इसलिए भी अहम है क्योंकि हाल के समय में कंपनी के रॉकेट में धमाकों की घटनाएं हुई हैं।

### अमेरिका में पहली बार मिला इंसानी मांस खाने वाला परजीवी का मामला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में पहली बार इंसानी मांस खाने वाले परजीवी का मामला सामने आया है। अमेरिका के मेरीलैंड के एक व्यक्ति के शरीर में इंसानी मांस खाने वाले परजीवी की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। यह परजीवी गर्म खून वाले जीवों के शरीर में पाए जाते हैं और इंसानी मांस को खाकर जिंदा रहते हैं। इस परजीवी के संक्रमण में धीरे-धीरे संक्रमित जगह से मांस खत्म होना शुरू हो जाता है और यह संक्रमण जानलेवा हो सकता है। जिस व्यक्ति में परजीवी की पुष्टि हुई है, उसने कुछ ग्वाटेमाला का दौरा किया था। यह परजीवी दक्षिणी मेक्सिको में बीते साल आपदा ला चुका है। अब अमेरिका में इसके मिलने से चिकित्सा जगत चिंतित है।

### उत्तर कोरिया ने दो नई मिसाइलों का किया परीक्षण

**प्योंगयांग, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया व अमेरिका के वार्षिक सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने हवाई हमलों को रोकने में सक्षम दो नई मिसाइलों का परीक्षण किया। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन इस परीक्षण के दौरान मौजूद रहे। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि शनिवार को हुए परीक्षण ने दर्शाया कि ये मिसाइलें ड्रोन व क्रूज मिसाइल के हमलों से निपटने में सक्षम हैं। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है, जब दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे म्यूंग शिखर सम्मेलन के लिए टोक्यो की यात्रा पर हैं।

### मॉस्को शॉपिंग सेंटर में हुए धमाके में एक की मौत, तीन घायल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** रूस की महानगरीय राजधानी मॉस्को की एक मशहूर वाणिज्यिक इमारत में रविवार को हुए धमाके में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। रूसी आपातकालीन सेवाओं के मुताबिक,यह धमाका मध्य मॉस्को स्थित लुब्यंका स्क्वायर के सेंट्रल चिल्ड्रन स्टोर शॉपिंग मॉल की तीसरी मंजिल पर हुआ। सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि धमाका एक गैस सिलिंडर में विस्फोट से हुआ था। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ब्रिटेन में अपराधियों को यात्रा व पब में जाने की नहीं होगी इजाजत

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन सरकार की ओर से रविवार को घोषित नए दंड नियमों के तहत अपराधियों के पब जाने, संगीत समारोहों में शामिल होने व खेल स्पर्धाओं को देखने पर प्रतिबंध रहेगा। नए उपायों के तहत देश के न्यायाधीश अपराधियों की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा सकेंगे तथा उन पर ड्राइविंग प्रतिबंध, यात्रा प्रतिबंध व निशिद्ध क्षेत्रों तक सीमित रहने जैसे प्रतिबंध भी लागू कर पाएंगे। ब्रिटेन के कानून मंत्रालय ने कहा कि इन बदलावों से सामुदायिक दंड को कठोर बनाया जाएगा, जिससे दोबारा अपराध करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

### वेनेजुएला में 13 राजनीतिक बंदियों की रिहाई, विपक्ष ने बताया एक सकारात्मक कदम

**कैरेकस, एजेंसी।** वेनेजुएला में विपक्षी नेताओं और सामाजिक संगठनों ने रविवार को बताया कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार द्वारा पिछले साल के विवादित चुनावों के बाद किए गए दमन के तहत गिरफ्तार किए गए 13 लोगों को रिहा किया गया है। हालांकि सरकार की ओर से इन रिहाइयों की तुरंत पुष्टि नहीं की गई, लेकिन विपक्षी नेता हेनरिक कैप्रिलेस ने सोशल मीडिया पर इस कदम का स्वागत किया और इसे जेल में बंद लोगों के लिए एक आगे बढ़ने वाला कदम बताया। उन्होंने बताया कि 8 लोगों को पूरी तरह रिहा किया गया, जबकि 5 को घर में नजरबंद किया गया है ।कैप्रिलेस ने एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, आज कई परिवार अपने अपनों से फिर मिल पाए हैं। हम जानते हैं कि अभी भी बहुत से लोग बंद हैं, और हम उन्हें नहीं भूलेंगे। हम उनके लिए लड़ाई जारी रखेंगे। यह रिहाई उस चुनाव के एक साल बाद हुई है जिसे लेकर भारी विवाद हुआ था। जुलाई में हुए राष्ट्रपति चुनाव में मादुरो की जीत घोषित की गई, लेकिन चुनाव आयोग ने वोटों की गिनती से जुड़े जरूरी दस्तावेज (एक्टास) साझा करने से इनकार कर दिया।

# हूतियों ने दागी नई किस्म की मिसाइल तो इजरायल ने मचा दी तबाही, यमन में 6 की मौत, 86 घायल

**काहिरा, एजेंसी।** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा इजरायल पर एक नए किस्म की मिसाइल दागे जाने के बाद इजराइल ने रविवार को यमन की राजधानी सना पर जोरदार हमला बोला। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, यमन की राजधानी सना पर नियंत्रण रखने वाले हूती विद्रोहियों के अनुसार, इन हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए हैं और 86 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने आगे कहा कि उसने एक सैन्य स्थल पर हमला किया, जहाँ राष्ट्रपति भवन स्थित है, साथ ही दो बिजली संयंत्रों और एक ईंधन भंडारण स्थल पर भी हमले किए हैं।

इजराइली रक्षा बलों ने कहा है कि यह हमला इजरायल और उसके नागरिकों पर हूती आतंकवादी शासन द्वारा बार-बार किए जा रहे हमलों के जवाब में किया गया है। इजरायली वायुसेना के एक अधिकारी के अनुसार, इन हमलों में 10 से अधिक लड़ाकू विमानों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि सबसे दूर का लक्ष्य इजरायल से लगभग 2,000 किलोमीटर (1,240 मील) की दूरी पर था।



### बड़े पैमाने पर तबाही

हूतियों द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने रविवार को देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से बताया है कि इजरायली हमलों में बड़े पैमाने पर तबाही हुई है और जान-माल का नुकसान हुआ है। रॉयटर्स की खबर के अनुसार, ईरान समर्थित विद्रोहियों द्वारा इजराइल पर क्लस्टर बम दागे जाने के कुछ ही दिन बाद इजराइल का यह हमला हुआ है।

हूती मीडिया कार्यालय ने बताया कि सना के बिजलीघर और गैस स्टेशन समेत कई इलाकों को निशाना बनाया गया। निवासियों ने बताया कि राष्ट्रपति भवन के पास समेत कई इलाकों में धमाकों की तेज आवाज़ें सुनी गईं। विद्रोहियों के कब्जे वाले सना पर एक सप्ताह पहले किए गए हमले के वक्त इजरायल ने कहा था कि हमलों में ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाया गया, जिसके बारे में माना जाता है कि इसका इस्तेमाल विद्रोहियों द्वारा किया जाता था।

### 22 महीनों से हूती दाग रहे मिसाइल

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने 22 महीनों से भी ज़्यादा समय से इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन दागे हैं तथा लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाया है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि वे गाज़ा पट्टी में युद्ध के बीच फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए ये हमले कर रहे हैं। यह हमला हूती विद्रोहियों द्वारा शुक्रवार को इजरायल की ओर नई मिसाइलों के दागे जाने के दावे के बाद हुआ है, जिसमें देश के सबसे बड़े हवाई अड्डे को निशाना बनाया गया। इस हमले से इजरायल में किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### क्लस्टर बम वाली मिसाइलें नए खतरे का संकेत

इजराइली सेना ने कहा कि उसने मिसाइल को हवा में ही नष्ट कर दिया। इजराइली वायुसेना के एक अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार रात यमन से इजराइल की ओर दागी गई क्लस्टर बम वाली मिसाइल एक नए ख़तरे का संकेत है। अधिकारी ने बताया कि हूती विद्रोहियों ने 2023 में इजराइल की ओर रॉकेट दागना शुरू करने के बाद से पहली बार इजराइल पर क्लस्टर बम दागा है। अधिकारी ने बताया कि क्लस्टर बमों के इस्तेमाल से इजराइल के लिए उन्हें रोकना मुश्किल हो जाता है।



# लंदन में भारतीय रेस्तरां में लगाई आग, खाना खा रहे पांच लोग झुलसे; संदिग्ध पिता-पुत्र गिरफ्तार

**लंदन, एजेंसी।** लंदन में स्थित एक भारतीय रेस्तरां में आगजनी की घटना सामने आई है। इस घटना में रेस्तरां में खाना खा रहे पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि संदिग्धों ने पहले ग्राहकों की मौजूदगी में रेस्तरां के भीतर ज्वलनशील पदार्थ छिड़का और जब तक कोई कुछ समझ पाता, संदिग्ध आरोपियों ने आग लगा दी। जिससे रेस्तरां पलक झपकते ही आग की लपटों में घिर गया।

### क्या है मामला

मेट्रोपोलिटन पुलिस ने बताया कि लंदन के इलफोर्ड इलाके में इंडियन एरोमा नामक एक भारतीय रेस्तरां हैं। शुक्रवार की रात इसमें आगजनी की गई। इस घटना में रेस्तरां में मौजूद तीन महिलाएं और दो पुरुष आग की चपेट में आकर जख्मी हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### संदिग्ध पिता-पुत्र गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में संदिग्ध पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। जिनमें से पिता की उम्र करीब 54 साल और बेटे की उम्र 15 साल है। पुलिस ने इस मामले में लोगों से भी जानकारी देने की अपील की है। घटना के बाद इलाके में पुलिस बल तैनात है। आगजनी में रेस्तरां को भारी नुकसान हुआ है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि नकाबपोश हमलावरों ने पहले रेस्तरां में ज्वलनशील पदार्थ गिराया। इस दौरान रेस्तरां में ग्राहक बैठे दिख रहे हैं। जैसे ही ग्राहक कुछ समझ पाते या वहां से निकल पाते आरोपियों ने आग लगा दी और पलक झपकते ही आग ने पूरे रेस्तरां को चपेट में ले लिया। आग लगने के बाद लोग बाहर की तरफ भागे।

# फ्रांस में अमेरिकी राजदूत तलब, यहूदी विरोधी हिंसा रोकने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाने का लगाया था आरोप

### कुशनेर ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति से अपील की कि वह नफरत फैलाने वाले अपराधों पर कानून को सख्ती से लागू करें और इस्राइल की आलोचना में तोड़ी नरमी दिखाएं



**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस ने अमेरिकी राजदूत चार्ल्स कुशनेर को तलब किया है। यह कदम तब उठाया गया जब कुशनेर ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि फ्रांस यहूदी-विरोधी (एंटीसेमिटिक) हिंसा को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। रविवार को फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

चार्ल्स कुशनर यहूदी हैं और उनके बेटे की शादी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी से हुई है। उन्होंने यह खुला पत्र अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित किया। यह पत्र ऐसे समय में सामने आया है, जब फ्रांस, अमेरिका और इस्राइल के बीच कुछ मुद्दों पर मतभेद गहराते जा रहे हैं। पत्र में कुशनेर ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति से अपील की कि वह नफरत फैलाने वाले अपराधों पर कानून को सख्ती से लागू करें और इस्राइल की आलोचना में तोड़ी नरमी दिखाएं। उन्होंने यह भी कहा कि फ्रांस की तरफ से फलस्तीन को मान्यता देने जैसी बातों ने देश में यहूदी-विरोधी घटनाओं को बढ़ावा दिया है।

फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, फ्रांस ने अमेरिकी राजदूत चार्ल्स कुशनेर के उन आरोपों को देखा है, जो उन्होंने राष्ट्रपति को भेजे पत्र में यहूदी-विरोधी घटनाओं में बढ़ोतरी और फ्रांसीसी प्रशासन की ओर से कथित रूप से पर्याप्त कार्रवाई न करने को लेकर लगाए हैं।

मंत्रालय ने आगे कहा, राजदूत के ये आरोप अस्वीकार्य हैं। कुशनेर को सोमवार को हाजिर होना होगा। कुशनेर का यह पत्र तब आया जब कुछ दिन पहले इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी मैक्रों को एक पत्र लिखा था। यरूशलम पोस्ट के मुताबिक, उस पत्र में नेतन्याहू ने मैक्रों पर फलस्तीन को मान्यता देने की बात कहकर यहूदी-विरोधी माहौल को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। राष्ट्रपति मैक्रों गाजा में युद्ध और उसमें मारे जा रहे फलस्तीनी नागरिकों को लेकर इस्राइल की आलोचना करने वालों में सबसे आगे रहे हैं, जबकि डोनाल्ड ट्रंप लगातार इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू का समर्थन करते आए हैं।

कुशनेर ने अपने पत्र में लिखा, इस्राइल पर सार्वजनिक रूप से की जा रही सख्त टिप्पणियां और फलस्तीन को मान्यता देने जैसे इशारे चरमपंथियों को हौसला देते हैं, हिंसा को बढ़ाते हैं और फ्रांस में यहूदियों के जीवन को खतरे में डालते हैं। आज के समय में एंटी-जायोनिज्म, सीधे तौर पर एंटीसेमिटिज्म है।

एंटीसेमिटिज्म का मतलब यहूदियों के धर्म, जाति या संस्कृति के खिलाफ नफरत से है, जबकि एंटी-जायोनिज्म इस्राइल के राष्ट्र या उसके विचार के विरोध से जुड़ा होता है। चार्ल्स कुशनेर के बेटे जारेड कुशनेर की शादी डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप से हुई है, जिन्होंने शादी से पहले यहूदी धर्म अपना लिया था। उनके तीन बच्चे हैं। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों पहले भी सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं कि एंटीसेमिटिज्म फ्रांस के मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने गाजा संघर्ष के दौरान यहूदी धार्मिक स्थलों और संस्थानों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया है।

# वेस्ट बैंक में इजरायली सेना का बुलडोजर ऑपरेशन, इजरायल क्यों उखाड़ रहा फिलिस्तीनी पहचान?

**वेस्ट बैंक, एजेंसी।** युद्ध की कहानियां तो आपने कई सुनी होंगी, जहां सेनाएं गोला-बारूद से हमला करती हैं। लेकिन इजरायली सेना वेस्ट बैंक में बुलडोजर लेकर जैतून के पेड़ उखाड़ रही है। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक, रविवार को वेस्ट बैंक के अल-मुगय्यिर गांव में इजरायली सेना की मौजूदगी में बुलडोजरों ने सैकड़ों जैतून के पेड़ नष्ट कर दिए। संयुक्त राष्ट्र ने भी पुष्टि की है कि क्षेत्र में अकाल जैसी स्थिति है, जहां लोग और बच्चे भूख से जूझ रहे हैं।



**क्या है पूरा मामला? :** उखाड़े गए ज्यादातर पेड़ जैतून के थे, जो वेस्ट बैंक की अर्थव्यवस्था और संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। ये पेड़ लंबे समय से फिलिस्तीनी किसानों और इजरायली बस्तियों के बीच तनाव का कारण रहे हैं। रामल्लाह के पास इस गांव के किसान अब्देलतीफ मोहम्मद अबू आलिया ने बताया कि 70 साल पुराने, एक हेक्टेयर में फैले जैतून के पेड़ों को झूठे बहानों के तहत उखाड़कर जमीन समतल कर दी गई। स्थानीय लोग उखड़े पेड़ों को फिर से लगाने की कोशिश कर रहे हैं। एएफपी के फोटोग्राफरों ने गिरे हुए जैतून के पेड़ और पहाड़ियों पर चलते बुलडोजर देखे, जिनमें से एक पर इजरायली झंडा था और पास में सेना की गाड़ियां खड़ी थीं।

**जैतून का फिलिस्तीनी संस्कृति से रिश्ता :** जैतून के पेड़ फिलिस्तीन के इतिहास, संस्कृति और अर्थव्यवस्था से गहराई से जुड़े हैं। ये लचीलेपन, पैतृक भूमि से लगाव और कब्जे के खिलाफ प्रतिरोध के प्रतीक हैं। जैतून की खेती हजारों परिवारों की आजीविका का आधार है। सालाना फसल का समय उत्सव के साथ-साथ इजरायली प्रतिबंधों और हमलों के खिलाफ संघर्ष का भी दौर होता है। स्थानीय कृषि संघ के नेता घासन अबू आलिया का कहना है कि इजरायल का उद्देश्य क्षेत्र पर कब्जा और फिलिस्तीनियों को पलायन के लिए मजबूर करना है। उन्होंने कहा कि यह शुरुआत है, यह पूरे वेस्ट बैंक में फैलेगा। बुलडोजर का काम गुरुवार से शुरू हुआ। एक फिलिस्तीनी एनजीओ के अनुसार, तीन दिनों में 14 लोग गिरफ्तार किए गए। इजरायली सेना ने कहा कि वह मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार को सेना ने बताया कि अल-मुगय्यिर से एक व्यक्ति को आतंकवादी हमले के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 16 अगस्त को फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने कहा कि उसी गांव में एक 18 वर्षीय युवक को इजरायली सेना ने गोली मार दी। सेना ने इसे पत्थरबाजी का जवाब बताया, लेकिन युवक की मौत से सीधा संबंध नहीं जोड़ा।

**हिंसा का बढ़ता दौर :** 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद गाजा में युद्ध शुरू होने से वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ी है। एएफपी के आंकड़ों के मुताबिक, तब से 971 फिलिस्तीनी (आतंकवादी और नागरिक) इजरायली सैनिकों या बस्ती वासियों द्वारा मारे गए, जबकि 36 इजरायली मारे गए। 1967 से इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 30 लाख फिलिस्तीनी और 5 लाख इजरायली रहते हैं, जिनकी बस्तियां अंतरराष्ट्रीय कानून में अवैध मानी जाती हैं।

# अदालत के एक आदेश के बाद ब्रिटेन में भी अप्रवासियों के मुद्दे पर हंगामा, समर्थक और विरोधी भिड़े

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में अदालत के एक आदेश से अप्रवासियों के मुद्दे पर हंगामा हो गया है। दरअसल अदालत ने लंदन उपनगर के एक होटल से शरणार्थियों को निकालने का आदेश दिया है। इस फैसले का विरोध शुरू हो गया तो कई लोग इसके समर्थन में आ गए। इससे हंगामा हो गया है और पुलिस को दोनों पक्षों को नियंत्रित करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अमेरिका की तरह ब्रिटेन में भी अब अप्रवासियों का मुद्दा राजनीतिक टकराव की वजह बन रहा है। युद्धग्रस्त और गरीब देशों से भारी संख्या में ब्रिटेन में शरणार्थी पहुंच रहे हैं। इंग्लिश चैनल के जरिए अवैध नौकाओं में सवार होकर शरणार्थी ब्रिटेन पहुंच रहे हैं। साथ ही इन शरणार्थियों को सरकारी खर्च पर ठहराने के मुद्दे पर भी तनाव बढ़ रहा है। ब्रिटेन में सरकार शरणार्थियों की अपील पर फैसला होने तक उन्हें अपने खर्च पर ब्रिटेन में ठहराती है, इसके लिए अक्सर होटल्स में शरणार्थियों को ठहराया जाता है। शरण मांगने वालों की बढ़ती संख्या के चलते अब ब्रिटेन की सरकार पर दबाव पड़ रहा है, साथ ही शरणार्थियों का ब्रिटेन में विरोध भी शुरू हो गया है।

हालात से निपटने के लिए ब्रिटेन की सरकार ने शरणार्थियों की अपील पर सुनवाई तेज करने का फैसला किया है, ताकि सरकारी खर्च पर ब्रिटेन में रह रहे लोगों को वापस भेजा जा सके। इसके लिए बैकलॉग को भी खत्म किया जा रहा है। ताजा विवाद उस वक्त भड़का, जब एक होटल में रह रहे शरणार्थी ने 14 साल की बच्ची को जबरन किस करने की कोशिश की। आरोपी पर यौन शोषण का आरोप लगा है।

# वॉशिंगटन डीसी के बाद शिकागो हथियारों से लैस नेशनल गार्ड, डोनाल्ड ट्रंप का प्लान क्या है?

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड की तैनाती के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब इलिनोइस के शिकागो में सैन्य तैनाती की योजना बना रहे हैं। वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार, पेंटागन पिछले कुछ हफ्तों से शिकागो में सैन्य तैनाती की रणनीति पर काम कर रहा है। सितंबर तक शिकागो में एक हजार से अधिक नेशनल गार्ड जवान तैनात हो सकते हैं। ट्रंप ने 12 अगस्त को वॉशिंगटन में 800 नेशनल गार्ड की तैनाती का आदेश दिया था, ताकि राजधानी में बिगड़ी कानून-व्यवस्था को सुधारा जा सके। यह फैसला अपराध, अवैध आप्रवासन और बेघरों पर कार्रवाई से जुड़ा है।

**हथियारों से लैस नेशनल गार्ड :** वॉशिंगटन डीसी में ट्रंप के आदेश पर गश्त कर रही कुछ नेशनल गार्ड इकाइयों ने हथियार ले जाना शुरू कर दिया है। रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ मिशनों में इकाइयां हैंडगन और राइफल्स से लैस होंगी। प्रवक्ता ने कहा कि हथियारबंद इकाइयों को प्रशिक्षित किया गया है और वे सख्त नियमों का पालन कर रही हैं। रविवार को एसोसिएटेड प्रेस के एक फोटोग्राफर ने यूनियन स्टेशन के बाहर साउथ कैरोलिना नेशनल गार्ड के जवानों को पिस्तौल के साथ देखा।

संयुक्त कार्य बल ने कहा कि रविवार से इकाइयों ने अपने सेवा हथियार ले जाने शुरू किए हैं। सैन्य नियमों के अनुसार, बल का उपयोग केवल अंतिम उपाय के रूप में और केवल मृत्यु या गंभीर शारीरिक क्षति के खतरे में किया जाएगा। यह बल वॉशिंगटन के निवासियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा अधिकारी ने बताया कि केवल विशिष्ट अभियानों में तैनात सैनिक हथियार ले जाएंगे, जैसे कि कानून प्रवर्तन की मौजूदगी स्थापित करने के लिए गश्त करने वाले सैनिक। परिवहन या प्रशासनिक कार्यों में लगे सैनिक संभवतः निहत्थे रहेंगे।

**अन्य शहरों में तैनाती की धमकी :** रविवार को ट्रंप ने डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले शहरों में सैन्य तैनाती का विस्तार करने की धमकी दी, जिसमें शिकागो और न्यूयॉर्क शामिल हैं। वॉशिंगटन में हजारों नेशनल गार्ड और संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारी सड़कों पर गश्त कर रहे हैं, जिसके चलते स्थानीय लोगों ने छिटपुट विरोध प्रदर्शन किए हैं।

**बाल्टीमोर विवाद :** ट्रंप ने मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर के साथ विवाद में बाल्टीमोर को धमकी दी। मूर ने ट्रंप की अपराध और बेघरों से निपटने के लिए संघीय शक्ति के उपयोग की आलोचना की थी और उन्हें मैरीलैंड आकर जन सुरक्षा पर चर्चा करने का न्योता दिया था। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर



लिखा कि वेस मूर का क्राइम रिकॉर्ड बहुत खराब है। अगर उन्हें मदद चाहिए, जैसे लॉस एंजिल्स में गैविन न्यूसम को मिली, तो मैं सैनिक भेजूंगा और अपराध को जल्दी साफ कर दूंगा।

मूर ने कहा कि उन्होंने ट्रंप को निमंत्रण इसलिए दिया क्योंकि वे बाल्टीमोर में अपराध दर में सुधार के बारे में अज्ञानता में रहना पसंद करते हैं। बाल्टीमोर में हिंसक अपराध दर में कमी आई है। 2023 में 200 हत्याएं दर्ज हुई, जो पिछले साल से 24त्न और 2021 से 42त्न कम हैं। 2023-24 में हिंसक अपराध 8त्न और संपत्ति अपराध 20त्न कम हुए। मूर ने सीबीएस के फेस द नेशन पर कहा कि राष्ट्रपति मुझ पर बात करने में समय बिता रहे हैं, जबकि मैं उन लोगों की सेवा पर ध्यान दे रहा हूं जिनकी मैं सेवा करता हूं।

**वॉशिंगटन में विरोध :** वॉशिंगटन में जहां ट्रंप नेशनल गार्ड और संघीय अधिकारियों को तैनात कर रहे हैं, सप्ताहांत में शहर भर में विरोध प्रदर्शन हुए। कुछ इलाकों में सन्नाटा रहा, जबकि निवासी नेशनल गार्ड के छोटे समूहों के बीच से गुजरते दिखे। सोशल मीडिया पर गिरफ्तारियों और हिरासत के वीडियो वायरल हुए।

**शिकागो और न्यूयॉर्क पर नजर :** ट्रंप ने कहा कि शिकागो और न्यूयॉर्क उनके अगले लक्ष्य हैं। वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार, पेंटागन ने शिकागो में ऑपरेशन की तैयारी में हफ्तों बिताए हैं, जिसमें नेशनल गार्ड और संभवतः सक्रिय सैनिक शामिल होंगे। वाइट हाउस ने ट्रम्प की टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा कि वे स्थानीय अपराध को निशाना बनाने के लिए सैन्य बलों का उपयोग बढ़ाना चाहते हैं। ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि शिकागो हमारा अगला कदम होगा, और फिर हम न्यूयॉर्क में मदद करेंगे।

**नस्लवाद और प्रोफाइलिंग के आरोप :** ट्रंप ने डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले शहरों को खतरनाक और गंदा बताया, जहां अश्वेत मेयर और बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक आबादी है। बाल्टीमोर के मेयर ब्रैंडन स्कॉट और गवर्नर मूर अश्वेत हैं। डीसी और न्यूयॉर्क में भी अश्वेत मेयर हैं। 24 अगस्त 2025 को हावर्ड विश्वविद्यालय में रेव. अल शार्पटन ने कहा कि यह अपराध के बारे में नहीं, बल्कि हमारी प्रोफाइलिंग के बारे में है। यह कट्टरता और नस्लवाद से भरा है। एक भी श्वेत मेयर को नामित नहीं किया गया। यह नागरिक अधिकारों और डीसी के राज्य दर्जे का मुद्दा है।

इलिनोइस के गवर्नर प्रित्जकर ने कहा कि शिकागो में नेशनल गार्ड की तैनाती के लिए कोई आपात स्थिति नहीं है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ट्रंप संकट पैदा करने, सैनिकों का राजनीतिकरण करने और परिवारों के दर्द से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। हम कानून का पालन करेंगे और इलिनोइसवासियों की रक्षा करेंगे।

शिकागो के मेयर जॉनसन ने कहा कि शहर को सैन्य कब्जे की जरूरत नहीं है और वे इसे रोकने के लिए मुकदमा करेंगे। उन्होंने एमएसएनबीसी पर कहा कि हम इस तानाशाह के सामने अपनी मानवता का बलिदान नहीं करेंगे। शिकागो का अत्याचार और मेहनतकश लोगों के हितों को कमजोर करने वालों के खिलाफ खड़े होने का लंबा इतिहास है।

# संजू सैमसन ने केरल क्रिकेट लीग में किया कमाल, एक गेंद पर ठोके 13 रन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल क्रिकेट लीग (KCL) में रविवार को शतक लगाकर एशिया कप के लिए प्लेइंग 11 में अपनी जगत पक्की करने की कोशिश करते नजर आए थे। अब इस खिलाड़ी ने एक और कमाल कर दिया है। सैमसन ने चष्टरु ने मंगलवार को तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में त्रिशूर टाइटन्स के खिलाफ अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और एक गेंद पर 13 रन बनाने का कमाल कर दिखाया।

ओपनिंग करने उतरे सैमसन ने आखिरकार 46 गेंदों पर 4 चौकों और 9 छक्कों की मदद से 89 रन बनाए। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 193.48 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। अपनी पारी के दौरान सैमसन ने एक गेंद पर 13 रन भी बनाए। सिजोमन जोसेफ द्वारा फेंके गए पांचवें ओवर में स्पिनर ने चौथी गेंद पर लाइन पार कर ली। सैमसन ने एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्का जड़ दिया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को अगली फ्री हिट मिली और वह भी छक्के के लिए स्टैंड में पहुंचा दी। नतीजतन सैमसन की टीम कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने एक गेंद पर 13 रन बनाए। सैमसन ने 26 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया क्योंकि उन्होंने अपनी पारी के अधिकांश समय 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और अंत में यह केवल थोड़ा कम हुआ।

सैमसन को आखिरकार पारी के 18वें ओवर में अजिनास के ने आउट कर दिया। हालांकि उनकी इस पारी की बदौलत टीम निर्धारित 20 ओवरों में 188/7 का स्कोर बनाने में सफल रही।चष्टरु2025 के पहले दो मैचों में संजू सैमसन ने मध्य क्रम में बल्लेबाजी की, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि इस बल्लेबाज को एशिया कप के लिए अपनी नई भूमिका के बारे में बता दिया गया है। पहले मैच में सैमसन को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला क्योंकि शीर्ष क्रम ने काम पूरा कर लिया था जबकि दूसरे मैच में वह 22 गेंदों पर केवल 13 रन बनाकर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए। हालांकि रविवार को वह अपने सलामी बल्लेबाजी क्रम में लौटे और 121 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया था।




# राइफल निशानेबाज सिफत कौर ने एशियाई चैम्पियनशिप में जीते दो गोल्ड मेडल



**शिमकेंट (कजाखिस्तान) (एजेंसी)।** ओलंपियन सिफत कौर सामरा ने एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में व्यक्तिगत वर्ग का स्वर्ण जीतने के साथ भारत को टीम स्पर्धा में भी पीला तमगा दिलाया।

विश्व रिकॉर्डधारी सामरा ने फाइनल में 459.2 स्कोर करके चीन की यांग यूजी (458.8) को हराया। वहीं सामरा, अंजुम मुद्गिल और आशी चौकसे की तिकड़ी ने टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। एशियाई चैम्पियनशिप में यह सामरा का चौथा स्वर्ण है। वह 8 निशानेबाजों के फाइनल में 589 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थी।

भारत की श्रियांका साडंगी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी लेकिन वह सिर्फ रैंकिंग अंकों के लिए खेल रही थी लिहाजा सामरा और आशी पहले और चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। सामरा ने नीलिंग में 151.0 और प्रोन में 156.2 स्कोर किया। स्टैंडिंग एलिमिनेशन दौर में वह चीनी प्रतिद्वंद्वी से 0.4 अंक आगे रही। जापान की नोबाता मिसाकी (448 . 2) को कांस्य पदक मिला। आशी 402.8 अंक लेकर सातवें स्थान पर रही।

क्वालीफिकेशन में सामरा ने 589 स्कोर किया जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा। तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। दो बार की ओलंपियन अंजुम 41 निशानेबाजों में 22वें स्थान पर रही। सोमवार को राष्ट्रीय खेल चैम्पियन नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप वर्ग में स्वर्ण जीता था।

# वीरेंद्र सहवाग ने कर दी भविष्यवाणी, ये टीम जीतेगी एशिया कप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बहुप्रतीक्षित एशिया कप 2025 से पहले सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ बातचीत में वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि भारत एशिया कप जीतेगा। एशिया कप 2025 के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ एक विशेष बातचीत में वीरेंद्र सहवाग ने भारत की संभावनाओं पर कहा, 'हम विश्व चैंपियन हैं। हमने अभी-अभी चैंपियंस ट्रॉफी और टी20 विश्व कप जीता है और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप में सर्वश्रेष्ठ टीम हैं और उम्मीद है कि हम एशिया कप जीतेंगे।'



भारत के अभियान के लिए युवाओं की तुलना में उनका अनुभव कितना महत्वपूर्ण है? उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हमारी टीम बहुत अच्छी है और स्काई (सूर्यकुमार यादव) आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और वह टी20 प्रारूप में एक शीर्ष खिलाड़ी हैं। मुझे यकीन है कि उनकी कप्तानी में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे क्योंकि हमने पहले भी देखा है कि जब स्काई ने कमान संभाली थी, हमने कई टी20 मैच जीते थे और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप भी जीतेंगे।'

हम आमतौर पर एशिया कप को विश्व कप की तैयारी के रूप में देखते हैं। 2026 का विश्व कप आ रहा है। क्या यह एशिया कप विश्व कप की तैयारी के रूप में काम करेगा? इस बारे में सहवाग ने कहा, 'मुझे लगता है कि टी20 प्रारूप में यह एशिया कप हमारे 2026 के टी20 विश्व कप के लिए एक बेहतरीन तैयारी का काम कर सकता है। यह देखने का मौका है कि किन नए खिलाड़ियों को मौका दिया जाना चाहिए और किसे टीम में शामिल किया जा सकता है। आप विश्व कप के लिए टीम बनाना शुरू कर सकते हैं। मेरे विचार से भारतीय टीम के लिए अपनी ताकत परखने का एशिया कप से बेहतर कोई मौका नहीं हो सकता।'

टीम चयन अक्सर बहस का विषय बन जाता है। एशिया कप के लिए मौजूदा भारतीय टीम और इस टीम के लिए चयनकर्ताओं के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर पूर्व ओपनर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमारे पास एक बहुत अच्छा टी20 चयनकर्ता है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक बहुत अच्छी टी20 टीम है। सूर्य कुमार यादव के नेतृत्व में हमने टी20 मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है और मुझे यकीन है कि उन्हें चयनकर्ताओं द्वारा दी गई सर्वश्रेष्ठ टीम मिलेगी और उम्मीद है कि हम इस बार एशिया कप जीतेंगे।' एशिया कप 9 सितंबर 2025 से विशेष रूप से शुरू होगा।

# यश ढुल की अर्धशतकीय पारी, पुरानी दिल्ली 6 को हराकर सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने कटाया प्लेऑफ का टिकट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कप्तान जॉन्टी सिद्धू (16 गेंद में 28 रन और छह रन पर दो विकेट) के हरफनमौला खेल और यश ढुल (37 गेंद में 53 रन) की अर्धशतकीय पारी से सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने बारिश से प्रभावित दिल्ली प्रीमियर लीग (DPL) टी20 मैच में यहां पुरानी दिल्ली 6 को डकवर्थ-लुईस नियम से 104 रन से रौंद कर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है।




बारिश के कारण सोमवार को मैच शुरू होने में विलंब हुआ और इसे 18-18 ओवर का कर दिया। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने 5 विकेट पर 197 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। पुरानी दिल्ली 6 को डकवर्थ लुईस नियम से 15 ओवर में 174 रन का लक्ष्य मिला लेकिन टीम महज 69 रन पर ही आउट हो गई। इस जीत से सेंट्रल दिल्ली किंग्स के 9 मैच में 13 अंक के साथ तालिका में दूसरे जबकि पुरानी दिल्ली 6 इतने ही मैचों में पांच अंक के साथ आखिरी पायदान पर है।

सलामी बल्लेबाज ढुल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अर्धशतक जड़कर पारी को संभाला। उन्होंने युगल सैनी (20 गेंद पर 28) के साथ मिलकर 57 रन की ठोस साझेदारी की। सिद्धू (16 गेंद पर 28) और आदित्य भंडारी (11 गेंद पर 17) ने स्कोर बोर्ड को लगातार चलाए रखा, लेकिन पारी को असली रफ्तार आर्यन राणा की तूफानी बल्लेबाजी से मिली। राणा ने केवल 14 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाकर किंग्स को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। पुरानी दिल्ली 6 के लिए रजनीश दादर ने अपने चार ओवरों में 40 रन देकर तीन विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली छह की टीम किंग्स के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के सामने कभी भी टिक नहीं पाई। मनी ग्रेवाल और अरुण पुंडीर ने शुरुआत में ही रुशाल सैनी (0) और समर्थ सेठ को आउट कर बड़ा झटका दिया। इसके बाद कप्तान वंश बेदी ने 6 गेंदों पर 14 रन की संक्षिप्त पारी खेली, लेकिन उन्हें भी पुंडीर ने चलता किया। पुरानी दिल्ली 6 का स्कोर 6 ओवर में तीन विकेट पर 44 था, तभी बारिश आ गई और डकवर्थ लुईस नियम से लक्ष्य को 15 ओवरों में 174 रन कर दिया गया।

बारिश के बाद भी पुरानी दिल्ली 6 की किस्मत नहीं बदली। सिमरजीत सिंह ने देव लकड़ा (6) और आदित्य मल्होत्रा (0) को आउट कर उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी। पुरानी दिल्ली 6 की ओर से सिर्फ प्रणव पंत (17 गेंद पर 24) ने कुछ संघर्ष दिखाया, लेकिन जैसे ही वह सिद्धू की गेंद पर तेजास बरोका के हाथों लपके गए, पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। सिद्धू, सिमरजीत और अरुण पुंडीर ने 2-2 विकेट लिए।

# फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी, एशिया कप में दर्शकों को मिलेगी फ्री एंट्री



राजगीर ।हॉकी इंडिया ने घोषणा की कि 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा।हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, 'प्रशंसक टिकट जिनी डॉट इन या हॉकी इंडिया ऐप के जरिए मुफ्त टिकट पा सकते हैं।उन्हें प्रक्रिया पूरी करने पर वर्चुअल टिकट मिलेगा।हीरो पुरूष एशिया कप में 8 टीमें भारत, जापान, चीन, कजाखस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै भाग लेंगे।यह 2026 में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफायर टूर्नामेंट भी है।भारत को पूल ए में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ रखा गया है।भारत को 29 अगस्त को चीन से, 31 को जापान और एक सितंबर को कजाखस्तान से खेलना है।

# अब भारत से द्विपक्षीय क्रिकेट संबंधों को शुरु करने अपील नहीं करेगा पीसीबी : नकवी



लाहौर ।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा है कि अब उनका बोर्ड भारत से द्विपक्षीय क्रिकेट संबंधों को शुरु करने को लेकर कोई अपील नहीं करेगा।नकवी ने कहा कि पीसीबी ने कई बार भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) से बात कर द्विपक्षीय क्रिकेट को फिर से शुरू करने के प्रयास किये हैं पर सभी विफल रहे हैं।ऐस में अब उनका बोर्ड और अधिक अपील नहीं कर सकता है।भारत और पाके मुकाबले अब केवल आईसीसी टूर्नोमेंटों में ही होते हैं।एशिया कप में अगले माह दोनो ही टीम यूएई में आमने-सामने होंगी।नकवी ने कहा कि द्विपक्षीय क्रिकेट के लिए भारत से फिर से मिन्नते वह नहीं करेंगे।नकवी ने कहा है कि बीसीसीआई के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट को लेकर अब सभी बातचीत समान स्तर पर होगी।नकवी ने कहा, मुझे लगता है कि हम इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं कि जब भी बातचीत होगी, बीसीसीसीआई के साथ समान स्तर पर होगी और बातचीत के लिए अब कोई भीख नहीं मांगी जाएगी।वह समय बीत चुका है और जो भी होगा, वह समानता के आधार पर होगा। वहीं इससे पहले भारत सरकार ने भी स्पष्ट किया था कि निकट भविष्य में पाकिस्तान के साथ कोई द्विपक्षीय क्रिकेट मैच नहीं होगा पर बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनकी टीम उतरेगी।पीसीबी से पहले भी पाक के कई क्रिकेटरों ने दोनो देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज शुरु करने की वकालत की है और कहा है कि खेल को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिये।वहीं भारत सरकार का मानना है कि जब तक पाक आतंकवाद में लिप्त है उसके साथ खेला नहीं जा सकता।

# सरफराज खान की आक्रामक पारी, हरियाणा के खिलाफ शतक जड़ा, लगाए 9 चौकों और 5 छक्के

चेन्नई ।सरफराज खान की 111 रन की आक्रामक पारी की बदौलत मुंबई ने अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां हरियाणा के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरते हुए 9 विकेट पर 346 रन बनाए।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने एक समय 84 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद सरफराज ने 112 गेंद में नौ चौकों और पांच छक्कों से आक्रामक शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इसी प्रतियोगिता में TNCA एकादश के खिलाफ 138 रन की पारी खेलने वाले सरफराज ने छक्के की मदद से 99 गेंद में शतक पूरा किया। मुंबई को सलामी बल्लेबाजों दिव्यांश सक्सेना (46) और मुशीर खान (30) ने 69 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन इसके बाद टीम ने दोनों सलामी बल्लेबाजों के अलावा प्रग्नेश कंपिलेवार (03) और सूर्यांश शेडगे (01) के विकेट भी जल्दी-जल्दी गंवाए और उसका स्कोर चार विकेट पर 84 रन हो गया। सरफराज ने इसके बाद पारी को संभाला।तनुष कोटियान (48) और शम्स मुलानी (नाबाद 50) ने भी उपयोगी पारियां खेली। इस बीच रुतुराज गायकवाड़ (133 रन, 144 गेंद, 10 चौके, चार छक्के) और अर्शिन कुलकर्णी (146 रन, 190 गेंद, 16 चौके और एक छक्का) के शतक की बदौलत महाराष्ट्र ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 440 रन बनाए। हिमाचल की तरफ से प्रिंस ठाकुर ने 144 रन देकर 7 विकेट चटकाए। छत्तीसगढ़ ने शशांक तिवारी के 54 रन पर पांच विकेट की बदौलत TNCA अध्यक्ष एकादश को 266 रन पर समेटने के बाद बिना विकेट खोए चार रन बनाए।




# ओमान ने अपने पहले एशिया कप के लिए टीम की घोषणा की, चार खिलाड़ी करेंगे डेब्यू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहली बार क्रिकेट एशिया कप में हिस्सा ले रही ओमान ने अपनी टीम की घोषणा की है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज जतिंदर सिंह ओमान की कप्तानी करेंगे। टीम को ग्रुप ए में पाकिस्तान, मेजबान यूएई और भारत के साथ रखा गया है। 17 सदस्यीय टीम में पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से अलग खिलाड़ी शामिल हैं।

ओमान टीम में कुल चार नए चेहरे सुफियान यूसुफ, जी्क्रिया इस्लाम, फैसल शाह और नदीम खान अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण की कतार में हैं। यह ओमान का एशिया कप में पहला प्रदर्शन होगा और मुख्य कोच दलीप मेंडिस यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि टीम क्या हासिल कर पाती है। आईसीसी की आधिकारिक




वेबसाइट के हवाले से मेंडिस ने कहा, 'यह सच है कि हम एशिया कप में हिस्सा ले रहे हैं, यह एक बड़ा टूर्नामेंट है और हमारे खिलाड़ियों के लिए वैश्विक मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक शानदार अवसर है।'

उन्होंने कहा, 'भारत और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ खेलना किसी भी क्रिकेटर के लिए एक यादगार पल होता है। तेज-तर्रार टी20 मैच में कुछ भी हो सकता है, जहां एक शानदार ओवर सब कुछ बदल सकता है। हमारी तैयारी मजबूत रही है, मौजूदा राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट हमें प्रतिस्पर्धी अनुभव प्रदान कर रहा है, और हमारे प्रशिक्षण सत्र गहन और केंद्रित रहे हैं। यह सिर्फ कौशल की बात नहीं है - शीर्ष टीमों के खिलाफ उच्च दबाव वाले मैचों में मानसिक मजबूती भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। हमें उम्मीद है कि हम इस एशिया कप में प्रभाव डालेंगे और ओमान को एक उभरते हुए क्रिकेट राष्ट्र के रूप में प्रदर्शित करेंगे।'

### क्रिकेट एशिया कप के लिए ओमान टीम


जतिंदर सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्जा, विनायक शुक्ला, सुफियान यूसुफ, आशीष ओडेडेरा, आमिर कलीम, मोहम्मद नदीम, सुफियान महमूद, आर्यन बिष्ट, करण सोनावले, जिक्रिया इस्लाम, हसनैन अली शाह, फैसल शाह, मोहम्मद इमरान, नदीम खान, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव।

# दो बार की विम्बलडन चैम्पियन क्वितोवा ने टेनिस को कहा अलविदा



न्यूयॉर्क ।दो बार की विम्बलडन चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में डायने पैरी से मिली हार के बाद टेनिस को अलविदा कह दिया।मुकाबला खत्म होने के बाद क्वितोवा की आंखें भर आई।दर्शक दीर्घा में मौजूद उनके पति और कोच जिरि वानेक ने उन्हें गले लगाया।पिछले साल जुलाई में बेटे को जन्म देने वाली क्वितोवा 17 महीने बाद कोर्ट पर लौटी थी। उन्होंने इस साल की शुरूआत में ही कह दिया था कि अमेरिकी ओपन उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा।मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह पहले वह कोविड 19 संक्रमण का शिकार होने के कारण अमेरिकी ओपन से नाम वापिस लेने की सोच रही थी।उन्होंने कहा, 'सुबह उठने के बाद से मुझे लग रहा था कि कुछ अच्छा नहीं होगा।मैं खा नहीं सकी।मैं काफी नर्वस थी और कुछ कर नहीं पा रही थी।यह काफी कठिन था।मैने कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था।' क्वितोवा ने 2011 में मारिया शारापोवा को हराकर विम्बलडन खिताब जीता था।इसके बाद 2014 में यूजीन बूचार्ड को हराकर खिताब अपने नाम किया।ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2019 के फाइनल में उन्हें नाओमी ओसाका ने हराया था।दिसंबर 2016 में उनके घर पर एक घुसपैठिये ने उन पर चाकू से हमला किया जिससे लगी चोट से उबरने के लिये उन्हें लंबी सर्जरी करानी पड़ी थी।

# अर्जुन-सानिया के नये सफर को लेकर उत्साहित है पूरा परिवार : सचिन



मुम्बई ।महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सानिया चंडोक से सगाई की खबरों की पुष्टि की है।इससे पहले एक रिपोर्ट में दिखाया गया था कि अर्जुन और सानिया की सगाई निजी समारोह में हुई, जिसमें करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य ही शामिल हुए।हालांकि, अर्जुन और सानिया के परिवार की ओर से आधिकारिक तौर पर अब तक कुछ नहीं कहा गया था पर अब सचिन ने सगाई की खबरों को सही बताया है।सचिन से जब एक कार्यक्रम में पूछा गया कि क्या अर्जुन की सगाई हो गई तो उन्होंने इसे सही बताया।साथ ही कहा कि हम सभी उसकी जिंदगी के इस नए सफर को लेकर बहुत उत्साहित हैं।अर्जुन तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं।वह घरेलू क्रिकेट में गोवा के लिए खेलते जबकि आईपीएल में मुंबई इंडियंस (एमआई) से खेलते हैं।अर्जुन ने 2020/21 सत्र में मुंबई के साथ अपने घरेलू करियर की शुरुआत की थी पर वह फिर गोवा की ओर से खेलने लगे।उन्होंने अभी तक 17 फर्स्ट क्लास मैच, 18 लिस्ट ए और 24 टी20 मुकाबले खेले हैं।वह भारत के लिए अंडर-19 क्रिकेट भी खेल चुके हैं।वहीं सानिया चंडोक बड़े कारोबारी रवि घई की पोती हैं।उनका परिवार ग्रैविस ग्रुप चलाता है।यह ग्रुप भारत में फूड और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में काम करता घई परिवार का इंटरकॉन्टिनेंटल होटल और लोकप्रिय आइसक्रीम ब्रांड ब्रुकलिन भी है।ग्रैविस ग्रुप भारत में बास्किन रॉबिन्स का भी संचालन करता है।सानिया ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से बिजनेस मैनेजमेंट की डिग्री ली है।वह सोशल मीडिया में ज्यादा सक्रिय नहीं रहती।सानिया मिस्टर पॉज पेट स्पा एंड स्टोर एलएलपी में डायरेक्टर और साझीदार हैं और उनकी नेटवर्थ भी करोड़ों में है।

# 'टेस्ट क्रिकेट के लिए कुछ भी कर सकता हूं', मोहम्मद सिराज का टेस्ट के लिए उमड़ा प्यार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने हाल ही में संपन्न एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन के बारे में खुलकर बात की है, जहां उन्होंने देश के लिए सभी पांच टेस्ट मैच खेले और शानदार 186 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे समय में जब कार्यभार प्रबंधन क्रिकेट में सबसे ज्यादा बहस का विषय बन गया है, सिराज का दृष्टिकोण सबसे अलग है। यह जुनून, गर्व और भारत के लिए खेलने के बारे में है।

पांच कड़े टेस्ट मैचों में इतना भारी कार्यभार संभालने के बारे में बात करते हुए सिराज ने कहा कि उनकी प्रेरणा पूरी तरह से देश का प्रतिनिधित्व करने से आती है। सिराज ने कहा, 'सच कहूं तो मुझे नहीं पता। लेकिन जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं, तो आप यह नहीं सोचते कि इसका आपके शरीर पर क्या असर पड़ेगा, बल्कि आप अपने देश के लिए खेलने के बारे में सोचते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'हम जैसे लोगों का बचपन से एक ही सपना होता है और वह है देश के लिए खेलना। और जब वह मौका आता है, तो हम उसे पूरे जोश से लपक लेते हैं। मैं हर मौके का फायदा उठाकर भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने और उन्हें जीतने की कोशिश करने में यकीन रखता हूं।' सीरीज में 186 ओवर फेंकने के बावजूद सिराज ने जोर देकर कहा कि जरूरत पड़ने पर वह और भी ज्यादा गेंदबाजी करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'अगर एक और टेस्ट मैच होता, तो मैं 100 प्रतिशत खेल सकता था।'

जब उनसे पूछा गया कि क्या कभी थकान महसूस होती है, तो सिराज ने स्पष्ट किया कि भारत का प्रतिनिधित्व करना हमेशा व्यक्तिगत थकान से पहले आता है। सिराज ने कहा, 'नहीं, यह मेरी प्राथमिकता है। मैं टेस्ट क्रिकेट के लिए कुछ भी कर सकता हूं। मुझे टेस्ट क्रिकेट का सबसे कठिन चुनौतियों और संघर्षों से सामना करना पसंद है, ठीक वैसे ही जैसे जिंदगी हमें देती है।'

सिराज ने आगे टेस्ट क्रिकेट की अनोखी खूबसूरती पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट मानसिक थकान, भावनात्मक थकान, शारीरिक थकान वगैरह देता है, लेकिन यही वो चुनौती है जो मुझे इसमें सबसे ज्यादा पसंद है। आपका एक खराब स्पेल हो सकता है और अगले ही स्पेल में आप खुद को बेहतर बना लेते हैं। टेस्ट क्रिकेट में हमें वापसी करने के लिए एक और पारी मिलती है, ठीक वैसे ही जैसे जिंदगी में हमें हर दिन खुद को बेहतर बनाने के मौके मिलते हैं।'

उन्होंने कहा, 'मुझे टेस्ट क्रिकेट के बारे में ये बातें पसंद हैं और मैं इनका आनंद लेता हूं और अपने प्रदर्शन के अच्छे या बुरे होने की ज्यादा चिंता किए बिना बस अपना शत-प्रतिशत देना चाहता हूं।' सिराज सीरीज में




सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने जिन्होंने 32 से ज्यादा की औसत से 23 विकेट लिए जिसमें 2 बार 5 विकेट और एक बार चार विकेट शामिल हैं।

# रेसलर स्ट्रोमैन फिलहाल परिवार के साथ ही समय बिताएंगे

सेन डियागो ।डब्यलूडब्ल्यूई से बाहर किये गये पूर्व यूनिवर्सल चैंपियन ब्रॉन स्ट्रोमैन ने कहा है कि वह अभी कुछ समय परिवार के साथ बिताएंगे। उसी के बाद आगे की योजनाएं बनाएंगे।स्ट्रोमैन के अनुसार लंबे समय बाद उन्हें इस प्रकार अपने दोस्तों और करीबी लोगों के साथ रहने का अवसर मिला है। जिसका वह लाभ उठाना चाहते हैं।इसके बाद ही वह नई योजनाओं पर काम करेंगे। विंस मैकमैहन के समय में स्ट्रोमैन को लोकप्रिय हुए थे। विंस हमेशा से ही लंबे और ताकतवर पहलवानों को पसंद करते थे और स्ट्रोमैन इस पैमाने पर खरे उतरते थे। उन्होंने डब्यलूडब्ल्यूई में यूनिवर्सल चैंपियनशिप जीती और कई यादगार मुकाबले अपने नाम किय। हालांकि, ट्रिपल एच के आने के बाद स्ट्रोमैन का महत्व कम हो गया। ट्रिपल एच की सोच अलग थी और उन्होंने स्ट्रोमैन को सिर्फ एक मिड-कार्ड रेसलर के रूप में देखा।स्ट्रोमैन ने कहा, आगे क्या? यह कोई रहस्य नहीं है।मैंने अपनी जिंदगी के पिछले दस साल दुनिया भर में घूम-घूम कर लोगों से पिटने और उन्हें पीटने में बिताए हैं।यह एक शानदार सफर रहा है।उन्होंने आगे कहा, मैं यह नहीं कह रहा कि मैं फिर से रिंग में नहीं उतरूंगा, लेकिन यह मेरे लिए कुछ नया करने का मौका है।मैं अपने परिवार और दोस्तों के साथ फिर से जुड़ना चाहता हूं।वहीं कहा जा रहा है कि स्ट्रोमैन को कंपनी से निकाले जाने का एक मुख्य कारण उनकी चोटें थीं, क्योंकि हाल उन रेसलर्स को ज्यादा निकाला गया जो फिट नहीं थे।अब देखना होगा कि क्या स्ट्रोमैन किसी अन्य रेसलिंग प्रमोशन में शामिल होते हैं या पूरी तरह से एक नया रास्ता तय करते हैं।



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 27 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

# यूपीएस चुन चुके कर्मचारी एनपीएस में एक बार फिर कर सकते हैं स्विच

## -यह सुविधा दंडात्मक या अनुशासनात्मक की चल रही जांच कर्मचारी को नहीं मिलेगी

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने सोमवार को केंद्रीय कर्मचारियों को एक विशेष अवसर प्रदान किया है। जिन कर्मचारियों ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम चुनी है, वे अब राष्ट्रीय पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में एक बार और एकतरफा बदलाव कर सकते हैं।

वित्त मंत्रालय के मुताबिक यह विकल्प कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति से कम से कम एक साल पहले या यदि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले रहे हों, तो निर्धारित सेवानिवृत्ति तिथि से तीन महीने पहले तक इस्तेमाल कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि कर्मचारी इस सुविधा का समय पर लाभ नहीं उठाते हैं, तो उन्हें स्वचालित रूप से यूपीएस के तहत बनाए रखा जाएगा। यह सुविधा उन कर्मचारियों के लिए उपलब्ध नहीं होगी जिनके खिलाफ बर्खास्तगी, अनिवार्य सेवानिवृत्ति, दंडात्मक कार्रवाई या अनुशासनात्मक जांच चल रही है या प्रस्तावित है।

यूपीएस से एनपीएस में ट्रांसफर करने पर कर्मचारी पर पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी के 2015 के एग्जिट और विड्रॉल नियम लागू होंगे। इसका मतलब है कि अब उन्हें यूपीएस के तहत सुनिश्चित भुगतान की गारंटी नहीं मिलेगी। सरकार द्वारा एनपीएस के डिफॉल्ट निवेश पैटर्न में 4 फीसदी का योगदान उनके एनपीएस खाते में समय पर जमा किया जाएगा।

वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक केवल 1.37 फीसदी केंद्रीय कर्मचारियों ने यूपीएस चुना है। जुलाई 2025 तक कुल 31,555 कर्मचारियों ने इस योजना के तहत विकल्प अपनाया था। सरकार ने पहले 30 जून 2025 की समय सीमा को बढ़ाकर सितंबर 2025 कर दिया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि यूपीएस, एनपीएस के विकल्प के रूप में पेश की है ताकि कर्मचारियों को तय पेंशन का लाभ मिल सके। अगस्त 2024 में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि इस योजना से करीब 2.3 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को लाभ होगा।

केंद्रीय कर्मचारियों और अन्य पेशेवरों के लिए पेंशन योजनाओं का चुनाव अहम है।

# नया टैबलेट वनप्लस पेड 3 जल्द होगा लॉन्च

**नई दिल्ली ।**

भारतीय बाजार में वनप्लस जल्द ही अपने नए टैबलेट वनप्लस पेड 3 को लॉन्च करने जा रही है। कंपनी इसे प्रीमियम कैटेगरी में उतारने की तैयारी कर रही है और इसकी सबसे बड़ी खासियत हाई-परफॉर्मेंस स्नैपड्रेगन 8 इलाइट चिपसेट है, जो इसे गेमिंग और हैवी मल्टीटास्किंग के लिए बेहतरीन विकल्प बनाएगा। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन पर यह टैबलेट 'कमिंग सून' टैग के साथ दिखाई दे रहा है। डिज़ाइन और कलर वेरिएंट की बात करें तो वनप्लस पैड 3 दो शेड्स फ्रॉस्टेड सिल्वर और स्टॉर्म ब्लू–में उपलब्ध होगा। स्टोरेज ऑप्शन में यूजर्स को 12जीबी रैम प्लस 256जीबी और 16जीबी रैम प्लस 512जीबी के दो वैरिएंट मिलेंगे। माना जा रहा है कि कंपनी इसे केवल वायफाय मॉडल में लॉन्च करेगी। इसके साथ वनप्लस स्टायलो 2, स्मार्ट की-बोर्ड और फोलियो केस जैसे एक्सेसरीज भी पेश किए जा सकते हैं। स्पेसिफिकेशंस की बात करें तो टैबलेट में 13.2 इंच का बड़ा एलसीडी डिस्प्ले मिलेगा, जिसमें 144एचझेड रिफ्रेश रेट और 900 निट्स ब्राइटनेस का सपोर्ट होगा। पावर के लिए इसमें 12140 एमएएच की बैटरी होगी, जो 80वॉट फास्ट चार्जिंग के साथ आएगी। सॉफ्टवेयर लेवल पर डिवाइस एंडाएड 15 आधारित आक्सीजन ओएस 15 पर चलेगा। फोटोग्राफी के लिए टैबलेट में पीछे 13एमपी का प्राइमरी कैमरा और फ्रंट में 8एमपी कैमरा मिलेगा।

बेहतरीन ऑडियो क्वॉलिटी के लिए कंपनी इसमें 8-स्पीकर सिस्टम देने वाली है। डिवाइस का वजन करीब 675 ग्राम और मोटाई केवल 5.97एमएम है, जिससे यह हल्का और प्रीमियम लुक वाला होगा।

# अगर हर साल एक ईएमआई अलग से चुकाएं तो 25 साल का होम लोन 10 साल में चुक जाएगा

**नई दिल्ली।**



ज्यादातर घर खरीदारों के लिए सबसे बड़ा आर्थिक बोझ होता है होम लोन की ईएमआई चुकाना। शुरूआती सालों में ज्यादातर लोग सोचते हैं कि उनकी किश्तें चुकाने के बाद भी होम लोन कम क्यों नहीं होता है। वजह है कि लोन की शुरुआत में करीब 90 फीसदी ईएमआई ब्याज में चला जाता है और सिर्फ 10 फीसदी मूलधन घटता है। जैसे किसी ने 50 लाख का होम लोन 8.5 फीसदी ब्याज दर पर 25 साल के लिए लिया है। उसकी ईएमआई बनेगी करीब 40,000 रुपए। पहले साल में उसने करीब 4.8 लाख ईएमआई भरी, लेकिन उसमें से केवल 60,000 रुपए ही मूलधन घटा, बाकी 4.2 लाख बैंक को ब्याज में चला गया। यही वजह है कि कई साल तक लोगों को लगता है कि उनका कर्ज कम नहीं हो रहा।

सर्टिफाइड फाइनेंशियल प्लानर का कहना है कि थोड़ी-सी समझदारी से आप 25 साल का लोन सिर्फ 10 साल में खत्म कर सकते हैं और लाखों रुपए ब्याज बचा सकते हैं। अगर आप हर साल 40,000 रुपए की एक अतिरिक्त ईएमआई भर दें, तो यह सीधा आपके मूलधन से घटता है। इस कदम से ही लोन की अवधि 25 साल से घटकर 20 साल रह जाती है। मान लीजिए आपने पहले साल 40,000 रुपए ईएमआई से शुरुआत की। दूसरे साल इसे 43,000 कर दी और तीसरे साल 46,200 कर दी इस तरह साल-दर-साल ईएमआई बढ़ाने से यह आपके वेतन वृद्धि के साथ तालमेल बिठा लेता है। इस रणनीति से लोन की अवधि घटकर 12 साल रह जाती है। अगर आप हर साल एक अतिरिक्त ईएमआई भी भरें और ईएमआई में 7.5फीसदी की बढ़ोतरी भी करें, तो लोन सिर्फ 10 साल में खत्म हो सकता है। ऐसा करने से आप करीब 35-40 लाख का ब्याज बचा सकते हैं।

अगर आप भी होम लोन ले रहे हैं, तो 20-25 साल तक एक जैसी ईएमआई मत रखिए। वेतन बढ़ने के साथ ईएमआई बढ़ाएं और साल में एक अतिरिक्त ईएमआई जरूर भरें। इन दोनों उपायों को मिलाकर अपनाएंगे तो आप भी सिर्फ 10 साल में पूरा लोन चुका सकते हैं।

# पटेल रिटेल आईपीओ की जबरदस्त लिस्टिंग, निवेशकों को हर लॉट पर हुआ 2900 का फायदा

**नई दिल्ली।**




रिटेल सुपरमार्केट चेन चलाने वाली पटेल रिटेल आईपीओ के शेयर मंगलवार को शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद शानदार प्रीमियम पर लिस्ट हो गए। पटेल रिटेल आईपीओ के शेयर बीएसई पर 305 रुपए प्रति शेयर पर लस्ट हुए। यह आईपीओ प्राइस बैंड के अपर एंड 255 रुपए की तुलना में 50 रुपए या 19.61 फीसदी का प्रीमियम दर्शाता है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर पटेल रिटेल के शेयर 300 रुपए पर लिस्ट हुए। यह इश्यू प्राइस के मुकाबले 45 रुपए या 17.65 फीसदी जायदा है।

पटेल रिटेल के आईपीओ की लिस्टिंग करीब बाजार अनुमानों के अनुरूप ही रही। एक्सचेंजों पर लिस्ट होने से पहले कंपनी के नॉन-लिस्टेड शेयर ग्रे मार्केट में करीब 307 रुपए पर कारोबार कर रहे थे। यह इश्यू प्राइस पर 52 या करीब 20.39 फीसदी के ग्रे मार्केट प्रीमियम को दर्शाता है। आईपीओ के हर लॉट में 58 शेयर था। इस तरह, निवेशकों को हर लॉट पर 2900 रुपए का तगड़ा फायदा हुआ।

एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक पटेल रिटेल आईपीओ को 78.15 लाख शेयरों के मुकाबले 74.79 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। आईपीओ 19 से 21 अगस्त तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। आईपीओ के रिटेल निवेशकों वाले हिस्से को 42.49 गुना सब्सक्राइब किया गया। नॉन-इंस्टीट्यूशनल निवेशकों का हिस्सा 108.17 गुना भरा। वहीं, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स की श्रेणी को 272.43 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। कंपनी ने डीआरएचपी में बताया था कि आईपीओ से जुटाई गई राशि का इस्तेमाल कर्ज चुकाने, वर्किंग कैपिटल जरूरतों और सामान्य कॉर्पोरेट कार्यों के लिए किया जाएगा। पटेल रिटेल का आईपीओ का प्राइस बैंड 237 से 255 रुपए प्रति शेयर रखा गया था। इसका लॉट साइज़ 58 शेयरों का था। रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट या 754 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। पटेल रिटेल आईपीओ सब्सक्राइब करने के लिए 21 अगस्त को बंद हो गया था। शेयरों का अलॉटमेंट 22 अगस्त को फाइनल हुआ था।

# भारत पर बुधवार से लागू हो जाएगा 50 फीसदी टैरिफ, ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली।**

अमेरिका ने भारत से आयातित कई वस्तुओं पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाने का ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यह नया टैरिफ 27 अगस्त को 12ः01 बजे (ईएसटी) से लागू होगा। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि भारत रूस से तेल खरीदकर अप्रत्यक्ष रूप से यूक्रेन युद्ध में मास्को को वित्तीय सहायता दे रहा है। यह 50 फीसदी टैरिफ, 1 अगस्त से पहले लगाए गए 25 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ में शामिल अतिरिक्त टैरिफ के साथ लागू होगा।

इसका टैरिफ का प्रभाव भारत के 87 अरब डॉलर यानी करीब 7.3 लाख करोड़ रुपए के अमेरिकी निर्यात पर पड़ सकता है, जिसमें कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, रसायन और ऑटो पार्ट्स जैसे उद्योग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। हालांकि, फार्मास्यूटिकल्स, सेमीकंडक्टर्स और ऊर्जा संसाधन जैसी कुछ अहम श्रेणियों को इससे छूट दी गई है।

भारत सरकार ने अमेरिका के इस कदम को अन्यायपूर्ण बताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों और राष्ट्रीय हितों के आधार पर रूस से तेल खरीद रहा है और अमेरिका ने पहले ही ग्लोबल एनर्जी मार्केट की स्थिरता के लिए इस दिशा में कदम उठाने की सलाह दी थी। भारत फिलहाल तुरंत जवाबी टैरिफ लगाने के बजाय कूटनीतिक बातचीत और निर्यातकों को प्रोत्साहन देने जैसे उपायों पर विचार कर रहा है।

पीएम मोदी ने भी अमेरिकी टैरिफ से पहले स्पष्ट संदेश दिया कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था और निर्यातकों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा।

अहमदाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम किसी भी आर्थिक दबाव के बावजूद अपने रास्ते पर चलते रहेंगे। आज आत्मनिर्भर भारत अभियान को गुजरात से नई ऊर्जा मिल रही है, जो पिछले दो दशकों की मेहनत का परिणाम है।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ ही 87.63 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया 87.56 पर बंद हुआ था।सकारात्मक घरेलू संकेतों के बीच गत दिव स सुबह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे मजबूत होकर 87.34 पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.38 पर खुला और फिर बढ़त दर्ज करते हुए 87.34 प्रति डॉलर पर आ गया। यह शुक्रवार के बंद भाव 87.52 से 18 पैसे की मजबूती दिखाता है। इस मजबूती का प्रमुख कारण घरेलू शेयर बाजारों में जारी तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 285.62 अंकों की बढ़त के साथ 81,592.47 पर पहुंचा, जबकि एनएसई निफ्टी 91.25 अंकों की तेजी के साथ 24,961.35 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डॉलर सूचकांक भी 0.15 फीसदी बढ़कर 97.86 पर आ गया, जो छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाता है। वहीं, कच्चे तेल की कीमतों में भी मामूली बढ़त देखी गई। ब्रेंट क्रूड 0.10 फीसदी चढ़कर 67.80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।



## गणेशोत्सव के अवसर पर देश भर में बैंक बंद रहेंगे, आज शेयर बाजार भी बंद रहेगा

**मुंबई।** मुंबई समेत देश भर में आज से गणेशोत्सव शुरू जाएगा। मुंबई और इसके आस-पास में रहने वाले लाखों कोंकणवासी गणेशोत्सव के लिए अपने-अपने गांवों के लिए रवाना हो चुके हैं। गणपति उत्सव के अवसर पर कई जगहों पर छुट्टियों की घोषणा की गई है। गणेशोत्सव के दौरान बैंकों में भी छुट्टियां रहती हैं। इसलिए अगर आपको इस दौरान बैंक में कोई काम है, तो छुट्टियों की सूची पहले ही देख लें। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अगस्त महीने के आखिरी हफ्ते की छुट्टियों की सूची घोषित की है। इसमें 25 से 31 अगस्त तक कई दिन बैंक बंद रहेंगे। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग त्योहार हैं। इसके साथ ही वीकेंड की छुट्टी भी रहेगी। आईये जानते हैं त्यौहारों पर कितने दिन बंद रहेंगे बैंक-

* 27 अगस्त (बुधवार)- गणेशोत्सव के अवसर पर 27 अगस्त को कई राज्यों में छुट्टियां रहेंगी। अहमदाबाद, बेलापुर, मुंबई और नागपुर, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, हैदराबाद, पणजी, विजयवाड़ा बंद रहेंगे। गणेश चतुर्थी के अवसर पर भी छुट्टियां रहेंगी।

* 28 अगस्त- भुवनेश्वर (ओडिशा) और पणजी में बैंक बंद रहेंगे।

* 31 अगस्त (रविवार)- वीकेंड छुट्टी के मद्देनजर रविवार को सभी बैंक बंद रहेंगे।

- आज शेयर बाजार भी बंद रहेगा

शेयर बाजार भी आज बंद रहेगा। आज दिनांक 27 अगस्त को बीएसई और एनएसई बंद रहेंगे। गणेश चतुर्थी के अवसर पर शेयर बाजार में भी छुट्टियां रहेंगी। इस दिन बैंक बंद रहेंगे। लेकिन एटीएम कार्ड, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम, यूपीआई सुविधाएं खुली रहेंगी।

## विक्रम सोलर आईपीओ प्रीमियम पर हुए लिस्टिंग, निवेशकों से मिला जोरदार रिस्पांस

**नई दिल्ली।** विक्रम सोलर आईपीओ के शेयर मंगलवार को शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद प्रीमियम पर लिस्ट हो गए हैं। विक्रम सोलर के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 338 रुपए प्रति शेयर पर लिस्ट हुए। यह 332 रुपए प्रति शेयर के प्राइस बैंड के मुकाबले 6 रुपए या 1.8 फीसदी ज्यादा है। बीएसई पर विक्रम सोलर आईपीओ के शेयर 340 रुपए प्रति शेयर के भाव पर लिस्ट हो गए हैं। यह प्राइस बैंड के मुकाबले 8 रुपए या 2.4 फीसदी का प्रीमियम दर्शाता है। आईपीओ की लिस्टिंग ग्रे मार्केट की उम्मीदों से थोड़ी कम रही। ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 367 रुपए पर कारोबार कर रहे थे। यह इश्यू प्राइस से 35 रुपए या 11.14 फीसदी का ग्रे मार्केट प्रीमियम दर्शाता है। विक्रम सोलर के 2,079 करोड़ रुपए के पब्लिक ऑफर को निवेशकों से जोरदार रिस्पांस मिला। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक इश्यू को करीब 143 गुना ओवरसब्सक्राइब हुआ।




# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## सेंसेक्स 849 , निफ्टी 255 अंक गिरा

**मुम्बई ।** अमेरिका के टैरिफ लगाने की आधिकारिक घोषणा के बाद पड़े दबाव से भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 849.37 अंक नीचे आकर 80,786.54 पर बंद हुआ। जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 255.70 अंक नीचे आकर 24,712.05 पर बंद हुआ। आज एफएमसीजी को छोड़कर सभी क्षेत्रों में गिरावट रही। धातु , रियल्टी ओर फार्मा व पीएसयू कंपनियों के शेयर सबसे अधिक गिरे।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के शेयरों में सन फार्मास्युटिकल, टाटा स्टील, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, बीईएल और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर गिरे जबकि हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति सुजुकी इंडिया, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 2,466.24 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।




इससे भी बाजार पर दबाव आया। इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 200 से अधिक अंक की गिरावट के साथ ही 81,377.39 पर खुला। खुलते ही इसमें बिकवाली गहरा गई। सुबह यह 534.30 अंक या 0.65 फीसदी की गिरावट लेकर 81,101.61 पर कारोबार कर रहा था। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी गिरावट के साथ ही 24,899 पर खुला। खुलते ही इंडेक्स में बिकवाली होने से ये नीचे आने लगा। सुबह यह 180 अंक या 0.72 फीसदी की गिरावट के साथ 24,787 पर कारोबार कर रहा था। मिडकैप और स्मालकैप शेयरों में भी गिरावट रही। निवेशकों का ध्यान आज अमेरिका की तरफ से जारी नोटिस पर रहा। अमेरिका ने भारत से आयान पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाने की आधिकारिक घोषणा की है। यह नया टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। यह 50 फीसदी टैरिफ, 1 अगस्त से पहले लगाए गए 25 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ में शामिल अतिरिक्त शुल्क के साथ लागू होगा। एशिया के ज़्यादातर इक्विटी बेंचमार्क डॉलर के साथ-साथ गिरे। एशिया पैसिफिक में 0.7 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसकी वजह जापान का निक्केई 1.09 फीसदी की गिरावट और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.86 फीसदी की गिरावट आई।हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे। यूरोपीय बाजार भी गिरा।

## टैक्स स्ट्रक्चर में बदलाव का लाभ मिलेगा कार खरीदने वालों को



**नई दिल्ली ।** ऑटोमोबाइल सेक्टर को केंद्र सरकार ने बड़ी राहत देते हुए टैक्स स्ट्रक्चर में बदलाव की घोषणा की है। इस फैसले का सीधा फायदा ग्राहकों को मिलेगा। केंद्र सरकार की इस घोषणा से छोटी कारें अब 1 लाख रुपये तक सस्ती हो जाएंगी, वहीं एसयूवी और सेडान पर भी कीमतों में कमी देखने को मिलेगी। जानकारी के मुताबिक, यह राहत नई टैक्स पॉलिसी और प्रोडक्शन कॉस्ट कम होने के चलते मिल रही है। ऑटोमोबाइल कंपनियों का कहना है कि टैक्स घटने से छोटे हैचबैक मॉडल्स पर 50 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक का फायदा उपभोक्ताओं को होगा। वहीं मिड-सेगमेंट सेडान और पॉपुलर एसयूवी कारों की कीमत भी 80 हजार रुपये तक कम हो सकती है। मारुति सुजुकी, हुंडई, टाटा मोटर्स और महिंद्रा जैसी कंपनियां जल्द ही नई कीमतों की घोषणा कर सकती हैं। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि कीमतों में इस गिरावट से त्योहारी सीजन में कारों की बिक्री में तेजी आएगी। बीते कुछ समय से महंगाई और बढ़ती ब्याज दरों के कारण कारों की डिमांड धीमी पड़ी थी, ऐसे में यह राहत ग्राहकों के साथ-साथ कंपनियों के लिए भी फायदेमंद साबित होगी। ऑटोमोबाइल डीलरों का कहना है कि छोटे शहरों और कस्बों में ग्राहकों का सबसे ज्यादा रुझान छोटी कारों की ओर होता है। ऐसे में 1 लाख रुपये तक की कीमत घटने से पहली बार कार खरीदने वालों की संख्या में इजाफा होगा। वहीं एसयूवी और सेडान की कीमतें घटने से मिडिल क्लास खरीदारों को बड़ी राहत मिलेगी।

# आईसीआईसीआई म्यूचुअल फंड ने विदेशी निवेशकों के लिए डेडिटेकेट ब्रांच खोली

## यह फंड ग्लोबल पूंजी और भारत में निवेश के अवसरों के बीच सेतु का काम करेगा

**नई दिल्ली।**

विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में जमकर निवेश करते हैं और कुछ म्यूचुअल फंड में भी उनका निवेश बढ़ रहा है, लेकिन आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने विदेशी निवेशकों के लिए पहली बार एक डेडिटेकेट ब्रांच खोली है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने विदेशी निवेशकों के लिए भारत केंद्रित फंड की घोषणा की है। फंड हाउस ने गिफ्ट सिटी में इसके लिए नया ऑफिस भी खोला गया है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेस सेंटर, गिफ्ट सिटी, गुजरात आईएफएससी शाखा में अपनी भी एक शाखा खोली है। आईएफएससी शाखा ने आईएफएससीए के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के तहत पंजीकरण कराया है। यह शाखा निधि प्रबंधन इकाई (खुदरा) के रूप में पंजीकरण हासिल कर सर्विस उपलब्ध कराएगी। फंड हाउस ने बताया कि आईसीआईसीआई म्यूचुअल फंड की नई ब्रांच से फंड स्कीम की रिटेल योजनाओं और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड यानी ईटीएफ के तहत संपत्ति का मैनेजमेंट किया जा सकेगा। यह फंड ग्लोबल पूंजी और भारत में निवेश के अवसरों के बीच एक ब्रिज का काम करेगा। इसकी मदद से विदेशी निवेश को भारतीय फंड बाजार में आकर्षित किया जा सकेगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड हाउस का कहना है कि एएमसी की आईएफएससी शाखा ने भारत के वित्तीय बाजार में अंतर्राष्ट्रीय पूंजी लाने के लिए अपनी पहली प्रबंधित योजना का अनावरण किया है। उद्घाटन के अवसर पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी ने कहा कि हमारा मानना है कि भारत अपनी विकास यात्रा में बदलाव की ओर बढ़ रहा है। यह मजबूत जनसांख्यिकी, तेजी से बढ़ते शहरीकरण, डिजिटल अर्थव्यवस्था और दूरगामी नीतिगत सुधारों पर आधारित है। इसी अवसर को भुनाने के लिए फंड हाउस ने पहली बार यह सुविधा शुरू की है। यह फंड हाउस भारतीय बाजारों में निवेश करने के इच्छुक दीर्घकालिक निवेशकों के लिए एक अवसर प्रस्तुत करता है।

## लैंड क्रूजर एफजे को ग्लोबल लेवल पर लॉन्च करने की तैयारी


**नई दिल्ली ।**

टोयोटा कंपनी जल्द ही लैंड क्रूजर एफजे को ग्लोबल लेवल पर लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार इसकी मास प्रोडक्शन अगले साल की दूसरी तिमाही से शुरू होगी। यह नई एसयूवी टोयोटा के आईएमवी 0 लैडर-फ्रेम प्लेटफॉर्म पर तैयार होगी, जिस पर विदेशों में बिक रही हायलक्स चैंप भी बनाई गई है। डिजाइन पेटेंट लीक होने के बाद इस एसयूवी का लुक सामने आया है। इसमें सी-शेप छ्रऋ वाले स्क्वायर हेडलैंप्स, चौड़े व्हील आर्च और स्लैब-स्टाइल रूफलाइन दी गई है। इसे कंपनी फॉर्च्यूनर से नीचे पोजिशन करने वाली है, ताकि यह ऑफ-रोड पोर्टफोलियो में एंट्री-लेवल ऑप्शन के तौर पर खरीदारों तक पहुंचे। पावरट्रेन की बात करें तो बेस वेरिएंट में 1.5-लीटर डीजल इंजन मिलने की उम्मीद है, जबकि हाई वेरिएंट्स में 48वी माइल्ड-हाइब्रिड टेक्नोलॉजी के साथ 2.8-लीटर जीडी डीज़ल इंजन दिया जा सकता है। इसके अलावा लाइनअप में 2.0-लीटर और 2.7-लीटर पेट्रोल इंजन भी शामिल किए जाने की संभावना है। टोयोटा इसमें परमानेंट 4डब्ल्यूडी सिस्टम, टॉर्सन लिमिटेड-स्लिप डिफरेंशियल और मल्टीपल टेरेन मोड्स जैसे फीचर्स देने वाली है, जिससे यह किसी भी तरह की सड़क और कठिन रास्तों पर बेहतर परफॉर्मेंस दे सकेगी। भारत में इसके लॉन्च को लेकर कंपनी ने अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक




गौतमबुद्धनगर
बुधवार 27 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in



# जॉन अब्राहम पर भड़के विवेक अग्निहोत्री

एक्टर जॉन अब्राहम ने हाल ही में कहा था कि वह कभी छावा या द कश्मीर फाइल्स जैसी राजनीतिक प्रभाव वाली फिल्में नहीं बनाएंगे। अब इस पर फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। बातचीत में विवेक ने कहा, जॉन न इतिहासकार हैं, न इंटलेक्चुअल, न लेखक और न विचारक। वह सिर्फ देशभक्ति दिखाने वाली फिल्में जैसे सत्यमेव जयते और डिप्लोमैट बना चुके हैं। उन्होंने यह बयान कई कारणों से दिया होगा। अगर यह बात कोई बड़ा इतिहासकार कहता तो समझ में आता, लेकिन मुझे उनकी बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। जॉन को सलाह देते हुए विवेक ने कहा, वह बाइक चलाने, बॉडी दिखाने और प्रोटीन खाने के लिए जाने जाते हैं। उन्हें इन्हीं पर ध्यान देना चाहिए। सिनेमा पर टिप्पणी करने से बचना ही बेहतर होगा। बता दें कि विवेक की नई फिल्म द बंगाल फाइल्स अगले साल 5 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। दोनों ने फिल्म धन धना धन गोल में काम किया है, जिसका निर्देशन विवेक अग्निहोत्री ने किया था और जॉन अब्राहम उस फिल्म में लीड रोल में थे। दोनों ने फिल्म धन धना धन गोल में काम किया है, जिसका निर्देशन विवेक अग्निहोत्री ने किया था और जॉन अब्राहम उस फिल्म में लीड रोल में थे।

## जॉन अब्राहम ने क्या कहा था?



दरअसल, हाल ही में एक इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया था कि क्या वो छावा या द कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्में बनाने पर विचार करेंगे, तो जॉन ने जवाब दिया था। उन्होंने कहा था– मैंने 'छावा' और 'द कश्मीर फाइल्स' नहीं देखी है, लेकिन मुझे पता है कि लोगों को यह पसंद आई है। मगर जब फिल्में अति–राजनीतिक माहौल में लोगों को प्रभावित करने के इरादे से बनाई जाती हैं और ऐसी फिल्मों को दर्शक मिल जाते हैं, तो यह मेरे लिए डरावना होता है। बता दें कि जॉन की फिल्म तेहरान ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 पर 14 अगस्त को रिलीज हुई है। ये फिल्म साल 2012 में इजराइली राजनयिकों पर हुए हमले पर आधारित है। फिल्म में जॉन एसीपी राजीव कुमार का रोल निभाया है।



# पाकिस्तानी कलाकारों के बैन पर बोलीं कृतिका कामरा

**टीवी, फिल्म और ओटीटी तीनों माध्यमों में कृतिका कामरा ने खुद को साबित किया। भीड़, हश हश, बंबई मेरी जान, ग्यारह ग्यारह जैसी कई वेब सीरीज में नजर आने वाली कृतिका इन दिनों सारे जहां से अच्छा से चर्चा में हैं।**

**पाकिस्तानी जर्नलिस्ट निभाने के आपको किसी तरह के बैकलैश का सामना करना पड़ा?**

बिलकुल नहीं, उलटा तारीफें ही आई हैं कि आप इसे जिंगोस्टिक भी बना सकते थे, मगर आपने इसे पॉजिटिव और संतुलित बनाया। फातिमा खान को प्ले करते समय मेरा लंबे समय तक ट्विटर पर रहना बहुत काम आया। सत्तर के दशक में भी उस तरह के जर्नलिस्ट थे, बॉर्डर के उस पार भी रहे हैं , जो चाहते हैं. देश की मूलभूत जरूरतों एजुकेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर, हेल्थ आदि की बात हो, बम और असले की नहीं। इस किरदार की फिलॉसफी से मैं वाकिफ थी। हमने रिसर्च भी काफी की।

**आपकी सीरीज सारे जहां से अच्छा इंडिया–पाकिस्तान पर आधारित है। इंडिया–पाकिस्तान के कलाकारों को लेकर कभी बैन तो कभी वेलकम जैसी चीजें चलती रहती हैं, आपकी क्या राय है? कहा जाता है कि कला सरहद से परे होती है?**

मेरे हिसाब से तो नहीं होती। अब देश क्या डिसाइड करता है, वो तो अलग बात है।मगर एक कलाकार से आप पूछें, तो वो तो यही कहेगा कि कला की कोई लैंग्वेज या सीमा नहीं होती। और ना ही होने चाहिए। अगर उसके कारण आर्ट प्रभावित होता है, तो ये किसी भी आर्टिस्ट को गवारा नहीं होगा। अगर कलाकार जियोपॉलिटिक्स समझ पाता, तो वो आर्टिस्ट नहीं होता। मगर इस तरह की बातें और फैसले कोई और लेते हैं। हो सकता है, वो कुछ सोच कर ही ऐसे निर्णय लेते होंगे, मगर कभी – कभी उसका लॉजिक मुझे समझ नहीं आता। कई बार आर्ट रुक जाता है, क्रिकेट नहीं। अगर सब कुछ बंद कर देते हैं, तो फिर ये कब तक चलेगा? तो क्या ट्रेड भी रुकता है? या सिर्फ आर्ट? ये सवाल हैं? मेरे पास जवाब नहीं हैं। 5 अगर लाइंस ड्रॉ करते हैं, तो कितनी ड्रॉ करेंगे? क्योंकि सॉफ्ट टारगेट के रूप में फिल्म और म्यूजिक को तो फ़ौरन रोक लगा सकते हैं। मेरे लिए तो ये सारा मामला कन्फ्यूजिंग है।

**जब भी देशभक्ति या जियोपोलिटिक्स की बात होती है, तब हम कश्मीर या इंडिया–पाकिस्तान पर ही फोकस क्यों करते हैं?**

असल में हमारा इतिहास एक –दूसरे से गहराई से जुड़ा है। हम दोनों की फॉर्मेशन आगे–पीछे है। ये रिश्ता हमेशा ऐसे ही रहने वाला है। ये सचाई है और जब पहलगाम जैसा कुछ कांड हो जाता है, तो चीजें ताजा हो जाती हैं। ये तनाव हमेशा रहेगा। ये तनाव और मतभेद काफी फेसिनेट करता है। हमारे परिवारों में बहुत सारे लोग ऐसे भी हैं, जो पहले साथ थे और उन नाना–नानियों और दादा–दादियों ने बताया कि कैसे वे लोग एक समय में साथ थे और उनकी दुनिया कैसी थी? ये टेंशन और फेसिनेशन दोनों तरफ है और दर्शक भी इन कहानियों को लेकर उत्सुक रहते हैं।



# द इंटर्न में नहीं दिखेंगी दीपिका सिर्फ निर्माण करेंगी

दी पिका पादुकोण आने वाले समय में कई बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाली हैं। इन्हीं में से एक फिल्म द इंटर्न भी थी, जिसका ऐलान साल 2020 में हुआ था। हालांकि, लंबे समय से इस फिल्म को लेकर कोई अपडेट नहीं आई थी। अब खबर है कि दीपिका ने इस फिल्म से बतौर अभिनेत्री नहीं, बल्कि निर्माता के रूप में जुड़ने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने एक्टिंग से ज्यादा फोकस अब प्रोडक्शन पर लगाने का निर्णय लिया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कहानियां दर्शकों तक पहुंचाने की योजना बना रही हैं। द इंटर्न इसका पहला कदम होगा। शुरुआत में इस फिल्म में दीपिका के साथ ऋषि कपूर को कास्ट किया गया था लेकिन उनके निधन के बाद प्रोजेक्ट ठहर गया। बाद में मेकर्स ने उनकी जगह अमिताभ बच्चन को साइन किया। दीपिका भी बिग बी के साथ दोबारा काम करने के लिए उत्साहित थीं, क्योंकि दोनों इससे पहले पीकू में अपनी बेहतरीन केमिस्ट्री दिखा चुके हैं। अब जबकि दीपिका फिल्म में अभिनय नहीं कर रही हैं, मेकर्स उनकी जगह नई अभिनेत्री की तलाश कर रहे हैं। द इंटर्न हॉलीवुड की इसी नाम की सुपरहिट फिल्म का हिंदी रीमेक है, जो 2015 में रिलीज हुई थी।



# ऐसे प्रोजेक्ट्स पर काम करना चाहती हूं जो दिल से खुशी दे

अभिनेत्री सई मांजरेकर ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 16 साल की उम्र से की थी। उनका कहना है कि वह सिर्फ व्यस्त रहने या फिर कैलेंडर भरने के लिए काम नहीं करना चाहती बल्कि उन प्रोजेक्ट्स पर काम करना चाहती हैं जो उनको दिल से खुशी दें। अभिनेत्री का मानना है कि उन प्रोजेक्ट्स पर काम करना चाहिए, जो आपको सच में दिल से या रचनात्मक रूप से संतुष्ट करें।

अभिनेत्री ने कहा, मैंने बहुत कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। इन सालों में मैंने यही सीखा है कि कई प्रोजेक्ट्स पर काम करने से ज्यादा जरूरी है, कि सही प्रोजेक्ट्स पर काम करें। मैं सिर्फ व्यस्त रहने के लिए काम नहीं करना चाहती हैं। वह कहती हैं, इस समय मैं उन कहानियों पर काम करना चाहती हूं जो मुझे करने में सच में अच्छी लगें, ऐसे किरदार जो मुझे सच में चुनौती दें, और मेरे अंदर के एक कलाकार को अच्छे से निखारें। सई का मानना है कि प्रोजेक्ट्स में खुद को निखारने, अपनी कला को आजमाने और कुछ अनोखा करने की आजादी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, जब आप जुनून के साथ काम करते हैं, तो उसका असर आपके काम पर नजर आने लगता है। मैं जल्दबाजी में कोई भी गलत फैसला नहीं लेना चाहती, इसलिए सही मौके का इंतजार कर रही हूं। अभिनेत्री ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 2012 में मराठी फिल्म काक्षपर्श में खुशी दामले के छोटे से किरदार से की थी। 2019 में उन्होंने सलमान खान के साथ हिंदी एक्शन–कॉमेडी दबंग 3 में खुशी चौटाला के किरदार से मुख्य अभिनेत्री के रूप में शुरुआत की थी। फिर, साल 2020 में वह आयुष शर्मा के साथ गाने मंझा के म्यूजिक वीडियो में नजर आईं थीं।



# इंडस्ट्री के इनकम गैप पर कृति सेनन ने रखी राय

**कृति सेनन ने अपने करियर में वुमन ओरिएंटेड फिल्म भी की हैं। वह एक स्ट्रॉन्ग वुमन के रोल फिल्मों में करती हैं। असल जिंदगी में भी ऐसी ही हैं। कृति का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इनकम गैप नहीं होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा स्थिति ऐसी ही है, यह बात कृति को बहुत चुभती है।**

### वेतन एक जैसा होना चाहिए

कृति सेनन कहती हैं, 'मुझे समझ नहीं आता कि वेतन (इनकम) में समानता क्यों नहीं है? क्योंकि कुछ खास तरह के रोल, कुछ खास तरह के कामों के लिए, चाहे आप पुरुष हों या महिला, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा मानना है कि वेतन एक जैसा होना चाहिए। फिल्मों में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम बहुत लंबे समय से इस पर बात करते आ रहे हैं, यकीन मानिए यह बात हमें सबसे ज्यादा चुभती है।'

### इन फिल्मों में नजर आएंगी कृति सेनन

कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल आनंद एल राय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके अपोजिट साउथ एक्टर धनुष हैं। वहीं वह फिल्म 'कॉकटेल 2' का हिस्सा भी बन चुकी हैं।

### वुमन सेंट्रिक फिल्मों पर भी बोलीं कृति

कृति सेनन आगे कहती हैं, 'भले ही कोई फिल्म वुमन सेंट्रिक हो, मुझे लगता है कि उसका बजट उस फिल्म जितना नहीं होता, जो हीरो सेंट्रिक होती है। प्रोड्यूसर डरते हैं कि उन्हें वुमन सेंट्रिक फिल्मों से उतना पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सर्कल है, जहां वुमन सेंट्रिक फिल्में, हीरो सेंट्रिक फिल्मों जितना नहीं कमा पाती हैं। इस वजह से कई लोगों को ऐसा लगता है कि हीरो की फीस ज्यादा है और हीरोइन की कम।'



# सोहा अली खान का दावा मेरा पॉडकास्ट महिलाओं को बनाएगा सशक्त

अभिनेत्री सोहा अली खान फैंस के लिए एक नया पॉडकास्ट ऑल अबाउट हर लेकर आ रही हैं। इस पॉडकास्ट की खास बात यह है कि इसमें महिलाओं से जुड़ी सेहत, पैसे की समझ, लाइफस्टाइल और दूसरे जरूरी विषयों पर बात की जाएगी। यह खासतौर पर महिलाओं की भलाई और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। सोहा ने हाल ही में पॉडकास्ट को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि उनके पॉडकास्ट में बातचीत सुनियोजित और सवाल–जवाब के आधार पर होगी। उनका मानना है कि अनौपचारिक बातचीत में लोग कई बार विषय से भटक जाते हैं, जिससे दर्शकों को स्पष्ट जानकारी नहीं मिलती है। इसलिए, उन्होंने अपने पॉडकास्ट को सही तरीके से तैयार किया है। अभिनेत्री ने कहा, मैं चाहती हूं कि दर्शक पॉडकास्ट को अच्छे से सुनें और उससे कुछ जरूरी जानकारी लें। जब बातचीत बिना दिशा के होती है, तो कई बार हम कहीं और भटक जाते हैं और सुनने वालों को कुछ समझ में नहीं आता है। इसलिए हमने हर एपिसोड के लिए एक स्क्रिप्ट तैयार की है, जिसमें अच्छी तरह से रिसर्च किए गए सवाल शामिल होंगे।

उन्होंने एक खास एपिसोड का जिक्र किया, जिसमें कैंसर जैसे गंभीर विषय पर चर्चा होगी। इस एपिसोड में एक ऑन्कोलॉजिस्ट और एक ऐसी महिला मेहमान शामिल होंगी, जिन्होंने खुद कैंसर से जंग लड़ी है। सोहा ने कहा, हम पॉडकास्ट में कैंसर जैसे विषयों पर भी बात करेंगे, जैसे ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और फेफड़ों का कैंसर, जो महिलाओं को ज्यादा प्रभावित करते हैं। हम सवाल पूछेंगे कि कैंसर को कैसे रोका जा सकता है, इसके शुरुआती लक्षण क्या हैं, विभिन्न स्टेज क्या हैं, और इलाज के क्या विकल्प हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा, अक्सर लोग 'कैंसर' सुनते ही डर जाते हैं और सोचते हैं कि ये तो सबसे बुरी बीमारी है। लेकिन सच यह है कि कई तरह के कैंसर का इलाज संभव है। सबसे जरूरी बात है—बचाव। अगर समय रहते जांच करवाई जाए, खुद भी सावधानी रखी जाए और डॉक्टर से सलाह ली जाए, तो ज्यादातर कैंसर का इलाज संभव है। यह पॉडकास्ट महिलाओं को जागरूक करने और उपयोगी जानकारी देने का एक बेहतरीन मंच साबित होने की उम्मीद है।

# करण जौहर ने 'धड़क 2' को लेकर की इमोशनल पोस्ट



करण जौहर अपनी फिल्मों को लेकर, जिंदगी को लेकर फैंस से मन की बातें सोशल मीडिया के जरिए शेयर करते हैं। फिल्म 'धड़क 2' को प्रोड्यूसर करके का खुद को एक बदलाव का हिस्सेदार मानते हैं। जानिए, फिल्म 'धड़क 2' को लेकर अपनी पोस्ट में अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में करण जौहर लिखते हैं, 'जब मैं 2003 में फिल्म 'कल हो ना हो' के साथ प्रोड्यूसर बना, तो मेरा एजेंडा साफ था कंपनी बनाओ और पैसा कमाओ। जिससे हम इन हाउस एंटरटेनर्स और मेनस्ट्रीम ऑडियंस के हिसाब से कहानियों को फंड कर सकें। एक फिल्म प्रोड्यूसर के तौर पर मैं क्लीयर था कि हमेशा लोगों को खुश करना है। इससे ही बॉक्स ऑफिस की सफलता मिलेगी। मेरी प्रायोरिटी हमेशा से बॉक्स ऑफिस था।

करण जौहर अपनी पोस्ट में आगे लिखते हैं, 'मुझे फिल्म 'धड़क 2' पर बहुत गर्व है। राइटर, डायरेक्टर शाजिया इकबाल पर गर्व है। जिन्होंने एक पावरफुल फिल्म का रीमेक बनाने जैसा बहादुरी भरा काम किया। मैं धर्मा मूवीज, उमेश जी का भी थैंकफुल हूं। फिल्म की स्टार कास्ट, क्रू का भी मैं बहुत ग्रेटफुल हूं। सिद्धांत चतुर्वेदी, तृप्ति डिमरी ने बहुत ही मुश्किल किरदार निभाए। यह पूरी स्टार मेरे दिल के बहुत करीब है।' करण जौहर फिल्म 'धड़क 2' से जुड़े हर शख्स को अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में थैंक्स कहते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in